ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 160

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये संसद भवन का किया औचक निरीक्षण चल रहे कामकाज का लिया जायजा



# चहुंओर गूंजा 'जय श्रीराम'

- उल्लास, भक्ति, समर्पण का अद्‌भुत संगम दिखा
- शोभायात्रा, झांकी देखने उमड़ा आस्था का सैलाब



- रामनवमी पर राम की भक्ति में लीन रहे लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चैत्र शुक्ल नवमी, यानी गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जयंती के मौके पर झारखंड समेत पूरे देश में उल्लास, भक्ति और समर्पण का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। नयनाभिराम झांकियों और शोभायात्राओं को देखने के लिए सड़कों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। खराब मौसम के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गयी। झारखंड के गांव से लेकर शहर तक 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंजते रहे। रामनवमी महोत्सव के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे। शोभायात्रा की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। कहीं से किसी अप्रिय वारदात की सूचना नहीं है। राजधानी रांची के अलावा धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, दुमका, देवघर, हजारीबाग, चाईबासा, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, मेदिनीनगर, गढ़वा और दूसरे शहरों में भी रामनवमी इसी उल्लास के साथ मनाया गया।

**मौसम ने बदला मिजाज :** राजधानी रांची सहित राज्य के कई शहरों में तीसरे पहर मौसम ने एक बार फिर करवट ली। रांची तेज हवा के साथ- कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। इसके बावजूद शोभायात्रा देखने के लिए भीड़ के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी।

**तपोवन मंदिर के पास तेज आंधी की वजह से गिरा साउंड सिस्टम, चार घायल :** तेज आंधी की वजह से रांची के तपोवन मंदिर के पास लगाया गया साउंड सिस्टम गिर गया। इस हादसे में चार लोग घायल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तपोवन मंदिर में पूजा कर राज्य की उन्नति और खुशहाली की कामना की



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामनवमी के मौके पर तपोवन मंदिर में पूजा की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों को रामनवमी की अनंत बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी हमारे आदर्श हैं। रामनवमी महापर्व आपसी एकता, बंधुत्व, सौहार्द और वर्षों से चली आ रही परंपरा और संस्कृति को मजबूत बनाता है। उन्होंने तपोवन मंदिर में भगवान श्रीराम जानकी का दर्शन करने के बाद कहा कि हम अपने जीवन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें, क्योंकि इसमें सबका कल्याण निहित है। मुख्यमंत्री ने यहां हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष रामनवमी महापर्व के अवसर पर तपोवन की पवित्र भूमि को विकसित करने की घोषणा की थी। इस वर्ष रामनवमी पर मंदिर और आसपास के क्षेत्र का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है और अगले वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर यहां भगवान श्रीराम जानकी के भव्य मंदिर का आप दर्शन करेंगे। तपोवन मंदिर परिसर के विकास पर 14 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च किये जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर और भी राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक-धार्मिक स्थलों को संरक्षित और विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तपोवन मंदिर और आसपास के क्षेत्र का विकास इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इस मंदिर को एक प्रतीक के रूप में विकसित किया जा रहा है।




## आर्थिक तंगी से परेशान पिता दो बच्चों का पेट नहीं भर सका, मार डाला

### हत्या के बाद आत्महत्या की कोशिश, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** पिता ने दो मासूम बच्चों की गलादबाकर हत्या कर दी। पिता ने हत्या की वजह आर्थिक तंगी को बताते हुए कहा कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह दोनों बच्चों का पेट भर सकते इसलिए उन्होंने बच्चों को मार डाला। घटना झारखंड के जामताड़ा इलाके के करमाटांड़ की बताई जा रही है। दोनों बच्चों की हत्या के बाद पिता ने भी आत्महत्या की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने पिता की जान बचा ली। तुरंत इसकी सूचना पुलिलस को दी गयी जिसके बाद पिता को गिरफ्तार कर लिया। बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना करमाटांड़ थाना क्षेत्रान्तर्गत मुर्गाबनी गांव की है। सुबह मनोरंजन मरांडी ने जंगल में अपनी तीन वर्षीय बेटी और डेढ़ वर्षीय बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पिता मनोरंजन मरांडी खुद भी गमछा के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने लगा। जंगल में पशुओं की चराने निकले हे ग्रामीणों ने देख लिया और पिता की जान बच गयी जान बचने के बाद आरोपी पिता ने भागने की कोशिश की घटनास्थल पर ही मासूम बच्चों का शव और अपनी साइकिल छोड़कर जंगल में छिपा।

**ग्रामीणों ने दी पुलिस को जानकारी :** ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार व थाना प्रभारी नागेश्वर साव पहुंचे शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने ही पिता की तलाश की और हत्यारे पिता को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**हत्यारा पिता जेल में :** हत्यारे पिता के बड़े भाई निरंजन मरांडी ने इसकी लिखित शिकायत की पुलिस ने करमाटांड़ थाना कांड संख्या 29/23 के तहत भादवि की धारा 302 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है और पूरे मामले की जांच कर रही है । पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह आर्थिक तंगी से परेशान था उसके पास बच्चों के पेट भरने के लिए पैसे नहीं थे। परिजनों ने बताया कि वह सुबह अपने घर से दोनों बच्चों को नदी में स्नान कराने की बात कहकर घर से ले गया था। रास्ते में ही उसने बच्चों की हत्या कर दी।




## पीएम मोदी से मिलीं ऑस्कर विनर गुनीत मोंगा, अवॉर्ड के लिए दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने ऑस्कर 2023 में अवॉर्ड जीत कर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान दिलाया। अब फिल्म की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा और डायरेक्टर कार्तिकी गोंजालवेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली। 95वें अकादमी अवॉर्ड में 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में जीत हासिल की और अवॉर्ड अपने नाम किया। ऑस्कर 2023 में सम्मान मिलने के बाद अब प्रधानमंत्री ने दोनों को उनकी जीत पर बधाई दी।



प्रधानमंत्री ने ट्वीट करते हुए गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजालवेज के साथ तस्वीरें शेयर की और लिखा, 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के सिनेमेटिक जादू और सफलता ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और तारीफ बटोरी। आज फिल्म से जुड़ी शानदार टीम से मिलने का मौका मिला। उन्होंने भारत को बहुत गौरवान्वित किया है।

**ऑस्कर में भारत ने जीते दो अवॉर्ड :** साल 2023 में ऑस्कर अवॉर्ड भारत के लिए बेहद खास रहा। 95वें अकादमी अवॉर्ड में देश की तरफ से तीन फिल्में नॉमिनेट की गयी थी। इनमें 'ऑल दैट ब्रीद्स', 'आरआरआर' और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' का नाम शामिल है। 'ऑल दैट ब्रीद्स' जीतने से चूक गयी, लेकिन 'आरआरआर' ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड अपने नाम किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल | 188100 Subscribers | VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+ | YouTube Channel | Subscribe NOW | 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,700 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# कर्नाटक में भाजपा-कांग्रेस को देनी होगी कड़ी परीक्षा

## भाजपा के सामने दक्षिण का दुर्ग बचाने की चुनौती : राहुल गांधी प्रकरण के नफा-नुकसान तौलेगी कांग्रेस

आजाद सिपाही विशेष

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। राज्य की 224 विधानसभा सीटों के लिए 10 मई को वोट डाले जायेंगे और नतीजे 13 मई को घोषित होंगे। यह चुनाव इस साल होनेवाले विधानसभा चुनावों की शृंखला की दूसरी कड़ी है। पहली कड़ी में तीन पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव हुए थे, जहां भाजपा ने अपना परचम लहराया था। इस साल के विधानसभा चुनाव की अंतिम कड़ी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में साल के अंत में होनेवाले चुनाव होंगे। फिलहाल कर्नाटक में होनेवाला चुनाव भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए अग्निपरीक्षा है। एक तरफ भाजपा दक्षिण भारत के अपने इकलौते दुर्ग को बचाने की चुनौती का सामना कर रही है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और उन पर हुई कानूनी कार्रवाई के नफा-नुकसान को तौलने का मौका मिलेगा। इसलिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव को 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइल माना जा रहा है। दक्षिण भारत में पैर पसारने के भाजपा के प्रयासों को बल कर्नाटक से ही मिलता है, क्योंकि दक्षिण में केवल इसी राज्य में भाजपा सत्ता में है। इस बार यदि यह राज्य उसके हाथ से फिसला, तो फिर पार्टी के लिए न केवल हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में मुश्किल खड़ी हो जायेगी, बल्कि 2024 के आम चुनाव में उसके हैट्रिक की संभावनाओं पर सवालिया निशान लग जायेगा। दूसरी तरफ कांग्रेस के लिए वापसी के चैलेंज के साथ बाद के चुनावों के लिए खुद को खड़ा करने का सवाल भी है। चूंकि कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गृह राज्य भी है, इसलिए यह उनके अनुभवों की भी परीक्षा होगी। क्या है कर्नाटक का चुनावी परिदृश्य और क्या हो सकते हैं मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव की घोषणा हो गयी है। यहां 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को मतगणना होगी। उम्मीदवारों के नामाकंन दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अप्रैल होगी। कर्नाटक में इस समय भाजपा की सरकार है, जिसका नेतृत्व बासवराज बोम्मई कर रहे हैं। कांग्रेस की कमान सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के हाथों में है, जबकि वहां की सियासत के तीसरे प्रमुख खिलाड़ी जद-एस के एचडी कुमारस्वामी हैं, जो पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र हैं। यह चुनाव राजनीतिक रूप से कितना संवेदनशील है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले एक साल में इस प्रदेश के पांच दौरे कर चुके हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गृहराज्य होने के कारण यहां से उनकी प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है।

### आंकड़ों के आइने में कर्नाटक

कर्नाटक अलग राज्य के रूप में एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया, लेकिन तब इसे मैसूर कहा जाता था। वर्ष 1973 में इसे कर्नाटक के नाम से जाना जाने लगा, जो 1.91 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। उत्तर में महाराष्ट्र से लेकर दक्षिण में केरल तक और उसी तरह पूर्व में आंध्र प्रदेश से लेकर पश्चिम में अरब सागर तक यह राज्य कुल 31 जिलों में फैला हुआ है। गोवा इसके उत्तर-पश्चिम में है, तो तमिलनाडु इस राज्य के दक्षिण पूर्व में स्थित है। इसलिए कर्नाटक को दक्षिण भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है। इसे दक्षिण भारत के हृदय के रूप में भी देखा जाता है। कर्नाटक की आबादी लगभग साढ़े छह करोड़ है। यहां विधानसभा की 224 सीटें हैं, जबकि लोकसभा की 28 और राज्यसभा की 12 सीटें हैं। यहां कुल 5.21 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें पुरुषों और महिलाओं के बीच बहुत कम अंतर है। राज्य में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 2.62 करोड़ है, वही महिला मतदाताओं की संख्या भी 2.59 करोड़ है।

इस चुनाव के दौरान पहली बार वोट डालने वाले वोटरों की संख्या 9.17 लाख होगी। इसके अलावा 41 हजार ऐसे मतदाता हैं, जो एक अप्रैल, 2023 को 18 साल के हो जायेंगे और आगामी विधानसभा के चुनावों में उन्हें वोट डालने का अधिकार मिल





जायेगा। राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से 36 सीटें अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, वहीं 15 सीटों को अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया गया है। इस बार जिन मतदाताओं पर सबकी नजर रहेगी, वो हैं 80 साल और अधिक उम्र के बुजुर्ग। इनकी संख्या करीब 12.50 लाख है। राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 58 हजार से अधिक है। इस राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग उपज होती है, जिसमें जौ, धान और सब्जियों के अलावा फूलों की खेती भी शामिल है। कर्नाटक अपने मसालों और अचार के लिए भी जाना जाता है, जबकि यहां की विश्व प्रसिद्ध मिठाई है मैसूर पाक, जो सत्तू से बनती है। कर्नाटक की 84 प्रतिशत आबादी हिंदू धर्म का पालन करती है। जबकि ऐसे सबूत भी मिले हैं कि इस राज्य में कभी जैन धर्मावलंबियों की बड़ी संख्या हुआ करती थी। कुल जनसंख्या के 13 प्रतिशत के आसपास मुसलामानों की आबादी है, जबकि दो प्रतिशत इसाइ यहां रहते हैं। पूरे देश की जीडीपी में कर्नाटक का योगदान आठ प्रतिशत का है। वह इसलिए, क्योंकि सूचना तकनीक, 'सॉफ्टवेयर', बायोटेक्नोलॉजी, एयरोस्पेस और रक्षा उपकरणों के उद्योगों का हब इसी राज्य में है।

### भाजपा का उदय

बात साल 1983 की है, जब भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा की 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसमें से वह 18 जीतने में भी कामयाब हो गयी थी। उसने आठ प्रतिशत का अपना वोट शेयर खड़ा कर लिया था। इन जीते हुए विधायकों में से नौ ऐसे थे, जो तटवर्ती इलाके के रहने वाले थे, जहां जनता दल के रामकृष्ण हेगड़े और उन्हीं के दल के अब्दुल नजीर का खासा प्रभाव हुआ करता था। ऐसे में यह पहला मौका था, जब भाजपा ने हेगड़े या यूं कहें जनता दल के किले में सेंध मार दिया था। भाजपा ने हेगड़े की सरकार को समर्थन भी दिया था। लेकिन बाद के दिनों में कुछ साल भाजपा को अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ा था, जब अनंत कुमार और वी धननंजय कुमार जैसे दिग्गज आपस में ही भिड़ पड़े थे। यह बात हो रही है साल 1987-88 की, जब इन दोनों नेताओं के बीच सुलह कराने के लिए बीएस येदियुरप्पा को संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष चुना। यहां से कर्नाटक की राजनीति में येदियुरप्पा के राजनीतिक सितारे का उदय होने लगा। वर्ष 1989 में भारतीय जनता पार्टी ने फिर चुनाव लड़ा और उसने 119 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये, लेकिन उसे सिर्फ चार सीटों पर ही जीत मिल सकी थी। वर्ष 1990 से मंडल आयोग की सिफारिशों से उपजे आंदोलन और राम जन्मभूमि के आंदोलन की वजह से भाजपा ने फिर से अपना आधार मजबूत करना शुरू कर दिया। लेकिन वह साल 2004 के विधानसभा चुनाव ही थे, जहां से भाजपा ने खुद को पूरी तरह स्थापित कर लिया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। भाजपा को विधानसभा की 224 सीटों में से 71 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। फिर उसी साल भाजपा ने लोकसभा की 18 सीटों को भी जीत लिया था। कहा जाता है कि भाजपा की इस उड़ान का श्रेय यहां के लिंगायत समुदाय को जाता है, जिसने भाजपा का जमकर समर्थन किया। कर्नाटक की कुल आबादी में 16 से 17 प्रतिशत लोग लिंगायत समुदाय के हैं। इसी समुदाय से भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा भी आते हैं। यह समुदाय राजनीतिक रूप से काफी जागरूक है और इनमें से एक वीरेंद्र पाटिल कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। कहते हैं कि इस समुदाय का साथ जिस भी राजनीतिक दल को मिल जायेगा, उसके लिए सत्ता का रास्ता आसान हो जायेगा। इस बार लिंगायत मतदाताओं को रिझाने में जनता दल (सेक्यूलर) और कांग्रेस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### अभी का माहौल

2018 के विधानसभा के चुनावों के बाद राज्य में जनता दल (सेक्यूलर) और कांग्रेस के गठजोड़ की सरकार बनी। लेकिन अगले ही साल बागी विधायकों के साथ मिलकर भाजपा ने सरकार बना ली। बगावत के बाद कांग्रेस के पास विधानसभा में 70 विधायक हैं, जबकि जनता दल (सेक्यूलर) के पास 30। वहीं अब भाजपा के पास 121 विधायक हैं। इस दौरान भाजपा ने दो मुख्यमंत्रियों को बदला। पहले येदियुरप्पा और फिर उनको हटाकर बासवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया गया। इस बार कांग्रेस भी सत्ता विरोधी लहर को भुनाने की कोशिश में है और उसने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया है। वहीं जनता दल (सेक्यूलर) के एचडी कुमारस्वामी ने भी इतने सालों तक कांग्रेस और भाजपा से दूरियां ही बना कर रखी हुई हैं। उनकी पार्टी भी किसानों के मुद्दों और कल्याणकारी नीतियों को लेकर मतदाताओं के बीच जाती रही है।

इस पूरे परिदृश्य में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत का सिलिकॉन वैली कहे जानेवाले इस प्रदेश में भाजपा अपना जलवा बरकरार रख पाती है या फिर कांग्रेस की वापसी की कहानी इसी राज्य से शुरू होगी।

---

# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से जुड़े आय से अधिक संपत्ति मामले में 9 मई को अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ दायर आपराधिक अपील पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की बेंच ने निचली अदालत से केस से जुड़े ओरिजिनल रिकॉर्ड की मांग की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को निर्धारित की है।

सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 28 मार्च 2022 को तत्कालीन मांडर विधायक बंधु तिर्की को तीन साल की सजा और तीन लाख रुपये के जुर्माने का फैसला सुनाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर बंधु तिर्की को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में शिक्षा मंत्री रहे बंधु तिर्की पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था।



पहले इस मामले में एक सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने केस दर्ज किया। इसके बाद वर्ष 2010 में सीबीआइ ने आय से अधिक संपत्ति मामले में केस दर्ज किया था।

# बोकारो में महिला ने एक साथ दिया तीन बच्चों को जन्म



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड के बोकारो में 31 वर्षीय प्रियंका कुमारी ने मुस्कान अस्पताल में एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। इसमें एक लड़का और दो लड़कियां हैं। सफलतापूर्वक प्रसव के बाद मां और बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे डॉक्टर और परिजनों में काफी खुशी का माहौल है।

# खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए 15 तक मांगे गये आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी 24 जिलों में 15 अप्रैल तक आवेदन दिए जाने की अपील जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से की जा रही है। खूंटी, सिमडेगा सहित अन्य जिलों ने तो बाकायदा विज्ञापन जारी कर खिलाड़ियों से इसका लाभ उठाने को कहा है। राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 10 जून, 2022 के बाद अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया हो, उन्हें सम्मान राशि का लाभ राज्य की नयी खेल नीति के आधार पर मिलेगा। यहां तक कि अगर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी भी हुई हो तो राज्य सरकार उन्हें लाभान्वित करेगी। जिले या खेल विभाग की वेबसाइट से योग्य खिलाड़ी आवेदन पत्र प्राप्त कर खेल विवरणी के साथ निर्धारित अवधि तक अपना आवेदन डीएसओ कार्यालय में जमा कर दें।

# झारखंड की सड़कों पर जल्द ही चलेंगी इलेक्ट्रिक एसी बसें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी। राजधानी रांची से इसकी शुरुआत की जायेगी। इसके बाद धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी बसों का परिचालन शुरू किया जायेगा। फिलहाल रांची के लिए 24 नयी इलेक्ट्रिक एसी बसों की खरीद की स्वीकृत दी गयी है। केंद्र सरकार के सुझाव पर यह सेवा शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था। रांची में बसों का परिचालन मंत्रालय के सुझाव के अनुसार पीपीपी मोड पर किया जायेगा। इसके लिए भाड़ा भी तय कर दिया गया है। यात्रियों से फिलहाल कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 20 रुपये किराया



लिया जायेगा। योजना के अनुसार रांची और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए 244 बसों की जरूरत है। बसों के परिचालन पर कुल लागत 42.1 रुपये प्रति किमी आयेगी। बसों के परिचालन से 44.8 रुपये प्रति किलोमीटर की कमाई होगी। इस हिसाब से 17.3 रुपये प्रति किलोमीटर का घाटा होगा। वर्तमान में इन बसों का परिचालन पूर्व निर्धारित 13 रूटों पर किया जायेगा। रास्ते में 110 पड़ाव होगा। पहले मेन रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर इन बसों का परिचालन किया जायेगा। एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए चौड़ी सड़कों की जरूरत है। एसी बसों की लंबाई भी सामान्य सिटी बसों से ज्यादा होती है। ऐसे में रांची नगर निगम भी 220 सामान्य सिटी बसों की खरीदारी करेगी। राज्य सरकारी कि पिछली कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

# मछली-मांस बेचनेवालों को लॉटरी से वेंडर मार्केट में किया जायेगा शिफ्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम ने लालपुर-कोकर सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों, मांस-मछली विक्रेताओं को डिस्टलरी पुल के नीचे बने लालपुर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। एक अप्रैल को निगम कार्यालय के आठवें तल्ले पर दोपहर 12 बजे लॉटरी सिस्टम की प्रक्रिया अपनाएगी। इसके जरिये 74 मांस, मछली विक्रेताओं को चबूतरा का आवंटन करेगा। इन 74 विक्रेताओं को नगर विक्रय समिति द्वारा निरीक्षण, अनुशंसित और अनुमोदित किया गया था। निगम ने इन सभी अनुशंसित विक्रेताओं को आधार कार्ड एवं सर्वेक्षण पावती के साथ एक अप्रैल को लॉटरी सिस्टम में भाग लेने को निगम कार्यालय बुलाया है। जिन 74 लाभुकों का नाम लॉटरी के लिए तय किया गया है, उसकी लिस्ट निगम की वेबसाइट रांची मुन्सिपल डॉट कॉम पर जारी की जा चुकी है। काफी लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि डिस्टलरी पुल के आसपास सब्जी बाजार, मीट-मछली की दुकानों के चलते लालपुर-कोकर रोड जाम हो जाता है जो बेहद कष्टदायक होता है। खासकर ऑफिस, स्कूल जाने-आने के समय पर। ऐसे में इसके निदान के लिए नगर निगम ने रोड पर सब्जी, मीट मछली बेचने वालों का सर्वे कराया। अब इसी आधार पर चिन्हित लाभुकों को लॉटरी सिस्टम के जरिये डिस्टलरी पुल के ही समीप बने वेंडर मार्केट में बैठने को चबूतरा दिया जा रहा है। इससे लालपुर-कोकर का ट्रैफिक लोड घटेगा और मीट मछली विक्रेताओं को भी कारोबार करने को एक सुरक्षित जगह मिलेगी। साथ ही लोगों को भी आने-जाने के लिए सुविधा होगी।

# हेमलाल मुर्मू की 11 अप्रैल को होगी घर वापसी, नौ साल पहले छोड़ा था झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के टिकट पर राजमहल सीट से दो बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाले हेमलाल मुर्मू की घर वापसी होगी। नौ साल के बाद वे 11 अप्रैल को फिर से झामुमो में शामिल हो जायेंगे। बरहेट के धनजोरी गांव में इसके लिए एक भव्य कार्यक्रम होगा। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद इस दौरान मौजूद रहेंगे। वहीं झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन समेत पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं के भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने की बात हो रही है। बताते चलें कि 2014 लोकसभा चुनाव से पहले तक हेमलाल की गिनती झामुमो के कद्दावर नेता के रूप में होती थी। वे बरहेट सीट से 1990, 1995, 2000 एवं 2009 यानी चार बार झामुमो के टिकट पर विधायक रहे चुके हैं। इसके अलावा 2004 में



झामुमो के टिकट पर कांग्रेस से दोस्ताना संघर्ष में वेराजमहल सीट से सांसद भी रहे हैं। हालांकि, 2014 में हुए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वे भाजपा में शामिल हो गये थे। इस संबंध में हेमलाल ने कहा कि झामुमो उनका परिवार है, वे इससे कैसे दूर रह सकते हैं।

**नौ साल का राजनीतिक वनवास अब होगा खत्म :** हेमलाल मुर्मू 2014 में जब से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए तब से एक तरह से राजनीतिक वनवास पर ही रहे। 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव हारे। मगर अब नौ साल के बाद राजनीतिक वनवास से वापसी की उम्मीद उन्हें जगी है। मालूम हो कि बीते वर्ष पाकुड़ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान पहली बार हेमलाल मुर्मू वहां नजर आए। पूछने पर कहा था कि स्वेच्छा से आया हूँ।

**संताल परगना में विकल्प बनेंगे हेमलाल :** झारखंड मुक्ति मोर्चा को हेमलाल की वापसी से संताल परगना में मजबूती मिलेगी। वैसे भी अभी साहिबगंज की 3 विधानसभा सीटों में से दो पर झामुमो का कब्जा है। राजमहल लोकसभा सीट पर भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का ही कब्जा है। दूसरी ओर बीते एक साल से झामुमो के वरीय नेता लोबिन हेंब्रम के बगावती तेवर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर किये जा रहे व्यक्तिगत हमलों को देख कर यह माना जा रहा है कि हेमलाल मुर्मू को इस बार बोरियो सीट से झामुमो प्रत्याशी बना सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.4 °C | 20.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |

# रामनवमी के दिन निरसा के भुरकुंडाबाड़ी में गोकशी से तनाव, आरोपित के बेटे को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

## मुख्य आरोपित हुआ फरार, बंधक बने युवक को बचाने पहुंची पुलिस के तरीके से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

**स्थिति की गंभीरता देख गांव में की गई पुलिस बलों की तैनाती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/निरसा।** हिंदुओं के पवित्र पर्व रामनवमी के दिन गुरुवार को निरसा थाना क्षेत्र के भुरकुंडाबाड़ी गांव में नसरुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति के घर में गोकशी की घटना से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने नसरुद्दीन के घर धावा बोल दिया। उसके बेटे शहाबुद्दीन अंसारी को बंधक बना लिया। साथ ही गौ मांस को ग्रामीणों ने जब्त कर लिया। आरोपित के घर पर पथराव भी किया। दूसरी ओर, युवक को बंधक बनाए जाने की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे ग्रामीणों के चंगुल से छुड़कर अपने कब्जे में ले लिया। लेकिन युवक को बचाने की कार्रवाई से ग्रामीण बेहद नाराज हो गए। पुलिस आरोपी को भीड़ से बचाकर जैसे ही उसे साथ ले जाने के लिए वाहन तक पहुंची। तो भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। भीड़ ने पुलिस के कई वाहनों को भी पलट दिया। बाद में मौके पर वरीय पुलिस अधिकारी पहुंचे, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। गांव में पुलिस टीम कैंप कर रही है। पुलिस-प्रशासन की ओर से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।



गोकशी की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पलटी पुलिस की गाड़ियां।



आरोपित नसीरुद्दीन के बेटे को पेड़ से बांधकर बंधक बनाये ग्रामीण।

### घटना के बाद इलाक में तनाव

घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव कायम है। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने में जुटी हुई है। इस घटना के बाद भाजपा के कई कार्यकर्ता और नेता मौके पर पहुंच कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों को संदेह हुआ तो उसके घर पर पहुंच गए। देखा कि उसके घर में बछड़े का सिर और मांस को टुकड़ों में करके बोरे में रखा गया है। ग्रामीणों के पहुंचते ही नसरुद्दीन किसी तरह से वहां से भागने में सफल रहा। जबकि उसकी पत्नी तैमून बीवी एवं उसकी दो बच्चियां घर पर हैं। घटना के बाद से पुरुष-महिलाएं सभी आक्रोशित हैं।

### आरोपित नसीरुद्दीन की बीवी ने उगला सारा सच

इस बाबत आरोपित की पत्नी तैमून बीवी ने बताया कि भुरकुंडाबाड़ी गांव के ही जाकिर अंसारी एवं छोटू अंसारी के सहयोग से मेरे पति ने बछड़े को जिबह किया है। मेरे पति एवं उसके दोस्त गांव में ही खरीदार खोजने गए थे। इसी बीच ग्रामीण घर पर पहुंच गए। इधर, ग्रामीणों ने आरोपित जाकिर के घर पर जमकर पथराव किया। बतातें चलें कि अभी कुछ दिन पहले निरसा से एक और ऐसा मामला सामने आया था, जिसमें खून टपकते एक ट्रेलर को जब्त किया गया। इसमें गौ मांस लदे होने की आशंका जताई जा रही थी। उस दिन भाजपा नेता रमेश पांडे गोविंदपुर से निरसा आ रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि उनकी गाड़ी के आगे चल रहे ट्रेलर से खून टपक रहा है। उन्होंने इसे रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेलर ड्राइवर गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा। नेता ने उसका पीछा किया और बाद में स?थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया। इस मामले में ट्रेलर चालक ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रेलर में चमड़ा लोड है।

# धुर्वा में लहराया झारखंड का सबसे बड़ा 1100 मीटर लंबाई का महावीरी झंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा के टंकी साइड में झारखंड का सबसे बड़ा महावीरी झंडा लहराया गया। झंडा को उठाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। करीब 200 लोगों ने झंडे का रस्सी पकड़ा था तब जाकर यह झंडा खड़ा हो सका। समिति के लोगों का कहना है कि हम पिछले 3 दिन से झंडा को खड़ा करने में लगे हैं। लेकिन झंडा काफी बड़ा और भारी होने के कारण बार-बार गिर जा रहा था। तीन बार झंडे का बांस भी टूट गया था। इसलिए आज क्रेन की मदद ली गई। पिछले साल इसी जगह पर 650 मीटर का झंडा फहराया गया था। गूगल में सर्च करने पर भी यह झंडा सबसे बड़ा महावीरी झंडा के रूप में सामने आता है। मोहल्ले वाले 3 महीने पहले से ही रामनवमी की तैयारी करने लगते हैं। महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। रामनवमी से 1 सप्ताह पहले पूरा मोहल्ला ठीक से सो भी नहीं पाता है। सब लोग झंडा को खड़ा करने के लिए उसके पीछे रात दिन लगे रहते हैं।

**झंडे का रंग लाल :** ग्यारह सौ मीटर का झंडा काफी बड़ा लंबा और चौड़ा है। इस बार झंडे का रंग लाल रखा गया है। पिछले साल का झंडे का रंग पीला है। वह भी अह तक खड़ा है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं, युवा सबने मिलकर क्रेन की मदद से आखिर का झंडा खड़ा कर ही दिया। पूरा मोहल्ला जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा है।

### 751 मीटर का झंडा आकर्षण का केंद्र

रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को राजधानी रांची में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इस वर्ष शोभायात्रा में 751 मीटर की महावीरी ध्वजा आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। इस दौरान पर्व को भव्यता प्रदान करने के लिए पूरा शहर सजकर तैयार था। सड़कों को महावीरी झंडों और पताकों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिरों में बिजली की सज्जा की गयी थी। शहर और आसपास के क्षेत्रों से 300 से अधिक अखाड़े हथियार लेकर ध्वजा, झांकी, तासा, ढ़ोल और नृत्य के साथ जुलूस निकाला। वहीं श्री महावीर मंडल के सचिव मुनचुन राय ने बताया कि शोभायात्रा में झंडे के साथ ढोल-नगाड़ों की विशेष व्यवस्था की गयी थी। इस साल की शोभायात्रा के लिए नागपुर से ताशा कलाकारों की 51 सदस्यों की टीम रांची पहुंच चुकी थी। इसके साथ रामगढ़ से 15 सदस्यों की तासा टीम भी पहुंची। जागरण करने के लिए टीमें 30 मार्च को शाम तक धनबाद और जमशेदपुर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि श्री महावीर मंडल के सदस्य 25 दिन पहले से जश्न के लिए झंडे मंगवा लिये थे और रामनवमी के लिए पिछले एक महीने से तैयारियों में जुटे थे। हर साल झंडे की ऊंचाई बढ़ाने की परंपरा का पालन करते हुए इस साल समिति के कुछ सदस्यों ने पिछले साल की तुलना में अपने झंडे की ऊंचाई बढ़ा दी थी। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राहुल यादव ने कहा कि पूजा उत्सव के लिए नए जोश के साथ हम हर साल झंडे की ऊंचाई बढ़ाते हैं। इस वर्ष क्लब के ध्वज की ऊंचाई 75 से बढ़ाकर 101 फीट कर दी गयी। पिछले 50 सालों से सबसे बड़ा झंडा फहराने वाले रातू रोड निवासी देवेंद्र रजक ने कहा कि हर साल हम झंडे का कुछ आकार बढ़ाते हैं। पिछले साल 621 मीटर का झंडा फहराया गया था। इस साल आकार बढ़ाते हुए हमने झंडे का आकार बढ़ाकर 751 मीटर रखा है। शोभायात्रा के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह का प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है। सर्वश्रेष्ठ झांकी को पुरस्कार दिया जायेगा। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर चंदेल ने कहा कि इस साल हमने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार का दायरा बढ़ा दिया है।





## श्री महावीर मंडल रांची ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**रांची।** गुरुवार को श्री रामनवमी मोहत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए तपोवन मंदिर पहुंची, जहां राम भक्तों ने भगवान श्री राम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने श्री रामनवमी मोहत्सव के उपलक्ष्य में निकली गयी शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सफल सम्पन्न कराने में सभी छेत्र के नेतृत्वकर्ता एवं अखाड़ाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मिश्रा ने बताया कि लाखों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए महाबली हनुमान के भक्तों को श्री रामनवमी मोहत्सव के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत शिविर लगाने वाले लोगों एवं सामाजिक संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## श्री महावीर मंडल श्री सनातन महापंचायत के समन्वय में निकला ऐतिहासिक जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल के अखाड़ाधारी अपने झंडे के साथ जोश उत्साह के साथ निकले। राम के भक्त विभिन्न क्षेत्र के अखाड़ा धारी पंडरा बजरा बनोहरा बड़गाई अरगोड़ा गोंदा सहित विभिन्न अखाड़ों से निकले। श्री सनातन महापंचायत महावीर मंडल के केंद्रीय संजोजक ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में 151 झंडे के साथ पंडरा बजरा सहित विभिन्न अखाड़ों के हजारों राम भक्तों के साथ निकले। शोभायात्रा लाहकोठी शिव दुर्गा मंदिर बजरंगबली मंदिर दुर्गा मंदिर महावीर चौक शहीद चौक किराए लाल होते निवारनपुर तपोवन मंदिर पहुंचकर झंडा स्पर्श कराकर पूजा अर्चना की। साथ में झारखंड की उन्नति, विकास उज्ज्वल भविष्य की कामन की। उन्होंने कहा कि रांची के प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने सामाजिक संगठनों स्वागत शिविर का तहे दिल से आभार और अभिनंदन किया, जिन्होंने राम भक्तों को स्वागत किया। श्री सनातन महापंचायत और श्री महावीर मंडल का जुलूस में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर, रांची की मेयर आशा लकड़ा, रांची के विधायक सीपी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित होकर इस रामनवमी जुलूस का उत्साह बढ़ाया। शोभायात्रा में संजय कुमार जयसवाल, संजय मिनोचा, मृत्युंजय शर्मा, चुन्नू मिश्रा, दीपक ओझा, रामाशंकर तिवारी, अमित ओझा, बाबू पाठक, शशांक राज, अमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

# बड़ागाई से 51 झंडों, आकर्षक झांकी के साथ गगनभेदी जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल, रांची के तत्वावधान में 1929 से निकलने वाली शोभायात्रा की एक कड़ी में 1952 से ग्राम बड़ागांई का मुख्य अखाड़ा वेलटंगरा से भी शोभायात्रा प्रारंभ हुई थी। यूं तो 1951 में ही श्रीराम नवमी महोत्सव शोभायात्रा निकालने के लिए द्वारिका महतो, सूरज मिस्त्री, दर्शन महतो, गणपत साहू, भवानी साहू, मलाल मिस्त्री, लोकनाथ महतो, बंधन उरांव, बहादुर पहान, जीवाधन महतो, दशरथ पहान आदि ने बेलटंगरा में बैठक की थी, लेकिन उस साल मुस्लिम समुदाय के विरोध एवं शांति समिति का गठन न होने के कारण प्रशासन ने शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी, तब बेलटंगरा मुख्य अखाड़ा में ही एक चबूतरा बना कर एवं आम की डाल का खूंटा गाड़ कर एक महावीरी पताका लगाकर शुभारंभ किया गया। 1952 में पिछले साल के विरोध को देखते हुए गांव के प्रमुख लोगों ने श्री महावीर मंडल, रांची से संपर्क किया। उस समय के मंडल पदाधिकारियों किशोरी यादव, झन्नालाल यादव आदि ने सहयोग किया। प्रशासन से मिल-जुलकर लाइसेंस निर्गत करने एवं जुलूस का मार्ग निर्धारित कराने में उन लोगों ने मदद की। इस तरह इस शोभायात्रा की विधिवत शुरुआत 1952 में हुई। तय मार्ग से आज भी शोभायात्रा निकाली जाती है। 19 अप्रैल, 1956 प्रशासन ने सौ आदमी, पांच बजे, पांच तलवार, 25 लाठी, दो झंडा की अनुमति प्रदान की थी। जुलूस का लाइसेंस द्वारिका महतो के नाम निर्गत हुआ। 1953 में द्वारिका महतो के नेतृत्व में बेलटंगरा में श्रीश्री हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया, जो आज भी है। बड़ागाई वासी पहली बार 1952 में लगभग सात सौ से एक हजार की संख्या में स्त्री, पुरुष एवं बच्चे मिल कर रांची के महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर मुख्य शोभायात्रा में शामिल होकर निवारणपुर स्थित राममंदिर में महावीरी पताका सहित पूजा-अर्चना की थी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्राम बड़ागाई में महाअष्टमी की रात अस्त्र-शस्त्र व गाजे-बाजे के साथ झांकी निकाली गयी थी। सभी महावीरी चबूतरा में महावीरी पताका / झंडा खड़ा किया गया।



गुरुवार को महानवमी के पावन वेला में 11:30 बजे विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने झंडा धारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए प्रस्थान किये। श्री महावीर मंडल बड़ागाई के अध्यक्ष डॉ जीवाधन प्रसाद, मंत्री बस कुमार साहू, रामदास साहू, अशोक साहू, रामचंद्र साहू, दीपक साहू, शेखर साहू, मनीष साहू, रमेश तिर्की, बैजनाथ महतो, रामदास महतो आदि के संयुक्त नेतृत्व में बड़ागाई मुख्य आखाड़ा बेल टंगरा से 51 महावीरी पताका / झंडा, अस्त्र-शस्त्र, बाजे गाजे एवं आकर्षक झांकी के साथ गगनभेदी जयकारों के बीच शोभा यात्रा निकली गयी। चबूतरों में खड़े महावीरी पताका को ग्राम भ्रमण कराया गया। प्रत्येक घर के सामने घर की महिलाएं पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। निर्धारित मार्ग से ग्राम भ्रमण कर समस्त ग्रामवासी महावीरी पताकों को लेकर मेन रोड होते हुए निवारनपुर स्थिति तपोवन हनुमान- श्रीराम मंदिर गये। वहां पूजन-अर्चन कर पुनः गांव वापस आये। मुख्य अखाड़ा बेल टंगरा पहुंचने पर झंडा धारियों का पारंपरिक गीतों से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रसाद के रूप में शरबत पिलाये तथा पैर पखारते हुए आशीर्वाद प्राप्त किये। यह जानकारी श्री महावीर मंडल, बड़ागांई के मंत्री बस कुमार साहू ने दी।

# रांची के करोड़पति कारोबारी अश्विनी जायसवाल की जमशेदपुर के होटल में संदिग्ध अवस्था में मौत

## युवती के साथ पति बन कर रह रहा था जमीन कारोबारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर ।** साकची थाना क्षेत्र के होटल देवदूत में ठहरे रांची के एक युवा करोड़पति कारोबारी की गुरुवार की सुबह 10 बजे रहस्यमय तरीके से मौत हो गयी। उसकी मौत होने की पुष्टि टीएमएच के डॉक्टरों ने तब की, जब उसे टीएमएच ले जाया गया था। उसके साथ एक युवती भी थी। घटना की जानकारी पाकर साकची पुलिस की परेशानी बढ़ गयी है और पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

कारोबारी की पहचान रांची के लालपुर, हजारीबाग रोड देवी मंदिर के बगल के रहनेवाले जमीन कारोबारी अश्विनी जायसवाल (27) के रूप में हुई है, जबकि युवती सरायकेला-खरसावां जिले के बड़ा गम्हरिया साइनगर की रहनेवाली है। घटना के समय साथ में युवती भी थी। बातचीत में युवती ने बताया कि उसने अश्विनी से दो माह पूर्व ही शादी की थी। उसकी मौत कैसे हुई है, उसे भी पता नहीं है। सुबह के 9.30 बजे जब वह होटल देवदूत के कमरे से निकलकर चिल्लाने लगी थी, तब होटल के कर्मचारियों को इसकी जानकारी मिली थी। इसके बाद अश्विनी को टीएमएच ले जाया गया था, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अश्विनी और युवती दोनों साथ में 11 दिनों से होटल में रह रहे थे। होटल के कर्मचारियों को दोनों ने बताया था कि वे पति-पत्नी हैं। गुरुवार को अचानक युवती चिखने-चिल्लाने लगी ,तब होटल के कर्मचारियों को घटना की जानकारी मिली। यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि हो सकता है हार्ट-अटैक आने से कारोबारी की मौत हुई हो। युवती का कहना है कि अश्विनी की तबीयत बुधवार की देर रात ही बिगड़ गयी थी। इस बीच उसने आदित्यपुर थाने में भी फोन किया था, लेकिन वहां की पुलिस ने यह कह कर रिस्पांस नहीं दिया कि मामला साकची थाने का है। गुरुवार की सुबह 9.30 बजते-बजते कारोबारी की हालत काफी बिगड़ गयी थी, तब युवती चिल्लाने लगी थी। अश्विनी और युवती के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों बीएमडब्ल्यू कार से होटल देवदूत पहुंचे हुए थे, तबीयत बिगड़ने पर होटल की ओर से ही आपात घड़ी में एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे एमजीएम अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन युवती के कहने पर अश्विनी को टीएमएच में लेकर गये, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब अश्विनी के परिवार के लोगों के आने के बाद ही पता चलेगा कि आखिर उसकी मौत कैसे हुई है और युवती कौन है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर संत मनुश्री महाराज ने गाई बधाई गीत, पूरा मंडप खुशियों में डूबा

# अभिमानी के पास ज्ञान कभी नहीं आ सकता, ज्ञानी बनें : मनुश्री महाराज

- नौ कन्याओं का पूजन, पूणार्हुति के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन, महाभंडारा आज
- यज्ञ मंडप में गूंजा या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः का मंत्र
- मां जगदंबे को अश्रु पूर्ण विदाई, यज्ञ मंडप में यजमानों ने कराया ब्राह्मण भोज, दिया दान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेहल स्थित रूपा शाहदेव के पैतृक भूखंड पर चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के नौवें एवं अंतिम दिन पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की गयी। इस मौके पर नौ कन्याओं का पूजन हुआ, पूणार्हुति व ब्राह्मण भोज का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद यजमानों ने ब्राह्मणों को दान किया।

महायज्ञ के अंतिम दिन अश्रु पूर्ण नेत्रों से मां जगदंबे को विदाई दी गयी और उनसे आग्रह किया गया कि इस संसार पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें। यज्ञ मंडप में नौ दुर्गा की पूजा के बाद या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः का मंत्रोच्चार गूंजा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शुक्रवार 31 मार्च को महाभंडारा का प्रसाद वितरण होगा। महायज्ञ में वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने महायज्ञ के अंतिम दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की पूरा कथा सुनायी। मनु श्री महाराज ने महाराजा दशरथ के यज्ञ, यज्ञ का प्रसाद रानियों को खिलाना और फिर नारायण का श्रीराम के रूप में जन्म लेने का प्रसंग सुनाकर सत्संग में मौजूद श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उन्होंने भजन व बधाई गीत से भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशियां बांटी। उनके भजन गीत पर पूरा सत्संग मंडप खुशियों से सराबोर रहा। उन्होंने कहा कि कुछ भी छूटना हो छूट जाये, कथा नहीं छूटनी चाहिए। उन्होंने ज्ञान व अभिमान पर भी प्रकाश डाला। कहा कि जिसके पास ज्ञान होगा, उसे उसका अभिमान नहीं होगा और जिसके पास अभिमान होगा, उसके पास ज्ञान कभी नहीं हो सकता है। अभिमान नाश करवाता है और ज्ञान हमें आगे ले जाता है। इसलिए कोशिश करें कि ज्ञान बढ़ता रहे। इसके लिए मनुश्री महाराज ने भगवती के माध्यम से इंद्र, अग्नि व वायुदेव की परीक्षा लिए जाने के प्रसंग की भी व्याख्या की। मनुश्री महाराज के अमृत वचनों को सुनने के लिए पूरी सैकड़ों की भीड़ शांति-चित्त थी।

**मनोकामना सिद्ध करती हैं मां सिद्धिदात्री :** वाराणसी से आए यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने वैदिक मंत्रों से मां सिद्धिदात्री का आवाहन व पूजा संपन्न कराया। आचार्यों ने कहा कि भगवान शिव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में जो आधी देवी हैं, वो ये मां सिद्धिदात्री हैं। इनकी अराधना से हर मनोकामना पूर्ण होती है। सिद्धि मतलब कुशलता और जिस कार्य में कुशलता हो, वहां सफलता मिलनी ही है। मां के इस नाम से ही स्पष्ट है कि यह मां सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं। इनकी पूजा से भक्तों को सिद्धियों की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि भगवान शिव को इन्हीं से सिद्धियों की प्राप्ति हुई थी और इन्हीं की अनुकंपा से उनका आधा शरीर देवी का हुआ और वे अर्द्ध नारीश्वर कहलाये। ये कमल के फूल पर विराजती हैं और सिंह इनका वाहन है। इनका प्रमुख मंत्र है ऊं सिद्धिदात्र्यै नमः।

**श्रद्धालुओं ने लिया बुंदिया का प्रसाद, महाभंडारा आज :** महायज्ञ के अंतिम दिन भोग के रूप में श्रद्धालुओं सत्संग के बाद बुंदिया का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। आयोजन समिति के अनुसार शुक्रवार 31 मार्च को यज्ञ स्थल पर सुबह दस बजे से महाभंडारा का कार्यक्रम है, जहां श्रद्धालु भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# 'जियो और जीने दो' के नारे से साथ 'अहिंसा रन' दो को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महावीर जयंती दो अप्रैल पर रांची में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन (जीतो ) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन करेगा, जो मोरहाबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोरहाबादी में ही खत्म होगी। अहिंसा रन के जरिये विश्व शांति और अहिंसा का संदेश दिया जायेगा। अहिंसा रन में हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट अहिंसा रन डॉट कॉम पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। अहिंसा रन के तीन चरण होंगे, जिनमें सबसे कम तीन किमी, पांच किमी और दस किमी है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन और जीतो यूथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।रजिस्ट्रेशन कराने के लिए तीन किमी वाले को 300 रुपये, पांच किमी वाले को 400 रुपये और 10 किमी वाले को 500 रुपये देने होंगे। यह एक मैराथन दौड़ होगी। अगर दौड़ नहीं सकते तो चल भी कर सकते हैं। अहिंसा और शांति का संदेश देने के लिए भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विश्वभर के 23 देश, जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। इस आयोजन के जरिए एक ही दिन में कई जगहों पर जियो और जीने दो के नारों के साथ लोग अहिंसा रन में दौड़ते दिखेंगे। इसका उद्देश्य भारी संख्या में लोगों को इस दौड़ से जोड़ कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है।

**हर कैटेगरी में विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार :** मैराथन दूरी की हर कैटेगरी के लिए (तीन किमी, पांच किमी, दस किमी) प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेताओं ( महिलाओं एवं पुरुषों) को अलग-अलग दी जायेगी। दस किमी के लिए प्रथम पुरस्कार 41 हजार रुपये, द्वितीय 31 हजार रुपये और तृतीय 21 हजार रुपये का है। 45 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपये, द्वितीय 15 हजार रुपये और तृतीय 10 हजार रुपये का है। पांच किमी के लिए प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपये, द्वितीय 10 हजार और तृतीय पांच हजार रुपये का है। तीन किमी के लिए 11 हजार रुपये का पहला पुरस्कार है। प्रतिभागियों को टी शर्ट, मेडल, सर्टिफिकेट, कैप, रिफ्रेशमेंट प्रदान किया जायेगा।

## जेपीएससी की पहली सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा मामले को झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेपीएससी की पहली सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा मामले में सुजाता कुमारी द्वारा दाखिल अपील को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। प्रार्थी ने हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा गया था उसकी उत्तर पुस्तिका के कुछ प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया गया है, जिसका अंक उसे मिलना चाहिए था वहीं जेपीएससी की ओर से बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने टीम गठित की थी। उसने जांच कर दो रिपोर्ट दी थी। सीबीआइ की रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों उत्तर पुस्तिका पर अभ्यर्थी (सुजाता कुमारी) की हैंडराइटिंग है, लेकिन अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका बाद में लगायी गयी है। जेपीएससी की ओर से यह भी बताया गया कि जेपीएससी की पहली सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2006 में हुई थी, लेकिन प्रार्थी ने साल 2010 में याचिका दायर की थी। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल, राकेश रंजन एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। बता दें कि प्रार्थी ने अपील दाखिल कर कहा था कि जेपीएससी ने उसकी अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने उसे राहत नहीं दी है। इसके खिलाफ उसने खंडपीठ में अपील दायर की है।

## झारखंड पुलिस अकादमी की ट्रेनिंग में होमगार्ड के चार कंपनी कमांडर फेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित ट्रेनिंग में होमगार्ड के 14 कंपनी कमांडर पास हुए हैं जबकि चार फेल हो गये हैं। ट्रेनिंग में होमगार्ड के 18 कंपनी कमांडर शामिल हुए थे। आईजी ट्रेनिंग ने लिस्ट जारी कर इसकी जानकारी दी है। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में आयोजित ट्रेनिंग में पास हुए 14 कंपनी कमांडर में मनसिद्ध सुरीन, ऋषिकेश, अनुराधा तिग्गा, संजीव कुमार शर्मा, रोशन उरांव, रंजीत कुमार, जयपाल कुजुर, प्रकाश लकड़ा, श्रेय अलंकार, अरविंद कुमार, राजेंद्र राम बेदिया, निरल केरकेट्टा, राजेश लकड़ा और जावेद इकबाल अंसारी शामिल हैं। फेल हुए कमांडर में सुमन कुमार, प्रभु उरांव ,आनंद नायक और राज रोशन उरांव के नाम शामिल हैं।

# मुख्य शोभायात्रा में शामिल लोगों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामनवमी महोत्सव के मौके पर श्री महावीर मंडल छप्पन सेट,डोरंडा के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे के द्वारा मुख्य शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़े धारियों, पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध गणमान्य वरिष्ठ सहयोगियों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की राज्याभिषेक का प्रतीक पगड़ी पहनाकर तिलक लगाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

रामनवमी श्रृंगार समिति डोरंडा के वर्षों तक अध्यक्ष रहे स्व.राधेश्याम विजय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मान समारोह प्रारंभ किया गया। ज्ञातव्य है कि चार महीने पूर्व राधेश्याम का असामयिक निधन हो गया था। आलोक दूबे ने बताया डोरंडा के रामनवमी में श्रृंगार समिति के माध्यम से राधेश्याम विजय का महत्वपूर्ण योगदान रहता था,उनकी कमी डोरंडा के धार्मिक आयोजनों में हमेशा कमी महसूस की जायेगी। श्री महावीर मंडल डोरंडा के मुख्य शोभायात्रा जुलूस में शामिल होने वाले सबसे पहले अखाड़ा घाघरा, कुसाई, कुम्हार टोली, छप्पन सेट के अखाड़ा प्रमुखों में पिलदेव सिंह,गोपाल तिवारी, गौतम दूबे, महेंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार, रामानुज प्रसाद सिंह,श्रीमती शोभा सिंह, दीपक कुमार, राहुल गोसाईं, दिलीप गुप्ता, उदय मिश्रा, रीतेश कुमार, मनोज सिंह, गौरी रानी, महावीर मंडल डोरंडा के अध्यक्ष संजय पोद्दार, सचिव पप्पू वर्मा, पीएन झा, मनोज तिवारी, अभिषेक कुमार, दिलीप सिन्हा, अभिषेक साहू, संजीत यादव, पार्षद कुमारी मारग्रेट, उमेश बर्मण को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व छप्पन सेट के रहने वाले मोहल्ले वासियों, सैकड़ों महिलाओं एवं वृद्ध जनों को भी आलोक दूबे ने सम्मानित किया। जूलुस में शामिल भक्तों ने छप्पन सेट मैदान में खेल-कूद एवं लाठी का प्रदर्शन भी किया।

वीर हनुमान मंदिर कोकर के शिविर में भजन संध्या का आयोजन

# हर घर में भगवा लहरायेगा पर खूब झूमे श्रद्धालु





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़ कर बोल रहा था। जय श्रीराम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहा था। रामनवमी का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया और इस अवसर पर कोकर चौक के समीप शोभायात्रा के स्वागत में शिविर लगाया गया। स्वागत शिविर श्री वीर हनुमान मंदिर कोकर द्वारा लगाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक मोनू के हर घर में भगवा लहरायेगा पर खूब झूमे श्रद्धालु। वहीं अनुप्रिया और माला ने वीर बजरंगी और बच्चा बच्चा राम के भजन पर लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। भजन संध्या के बाद महाभोग का वितरण किया गया। लोगों ने भक्ति भाव से श्रद्धा और शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया। इस आयोजन में राजू झा, राजीव रंजन और सुदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान उत्सव अनुष्ठान संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को खाटू नरेश का महास्नान उत्सव अनुष्ठान मनाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसररिया ने बताया कि गंगाजल, दूध, दही, शहद, इत्र, गुलाब फूल आदि के मिश्रण से खाटू नरेश का महास्नान करवाकर नवीन बैंगनी रंग का बागा पहनाकर लाल गुलाब, बेली, सूर्यमुखी, तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। गुलाब रूह से मसाज करके पंचमेवा, पंच फूल, पंजीरी, पंचामृत, ककड़ी, खीरा, मिष्ठान, नमकीन का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्यों ने महास्नान अनुष्ठान संपन्न करवाया। राजा रामचंद्र के जन्म समय 12 बजे मंदिर के पट खोल कर पंचदीप की आरती की गयी। वहीं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। हिनू निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल, मधु अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ श्रृंगार सेवा, बागा सेवा पंचमेवा प्रसाद आदि की सेवानिवृत्त की। श्री खाटू धाम के शिक्षा मंदिर की परंपरा के अनुसार ही सभी कार्यक्रम हुआ।

**56वां श्री श्याम भंडारा :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में आलू छोला का प्रसाद बनाया गया था। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भंडारा का प्रसाद अर्पित किया गया। भजनों का गायन करके देवी देवताओं की मनुहार कर भोग स्वीकार करने की निवेदन किया गया। श्याम सुंदर जोशी, आत्माराम मोदी, रंजीत गाड़ोदिया, डॉ प्रवीण नारसरिया, सुभाष, रौनक पौदार, राजेश कतरूका, श्याम सुंदर शर्मा, पंकज गाड़ोदिया, स्नेह पोदार, प्रकाश अग्रवाल, शंकर लाल, सोमानी, उत्कर्ष लोहिया, संजय सराफ, विष्णु जालान, श्रवण ढानढनिया, कमलेश सावा, रोशन खेमका, प्रकाश सरावगी, किशन शर्मा, दीपक अग्रवाल, प्रेम प्रकाश, अग्रवाल अश्वनी, आकांक्षा साबू ने 56 वे भंडारे की सेवा निवेदित की। कार्यक्रम के संयोजक संजय सराफ थे। वहीं इस दौरान आठ हजार से ज्यादा भक्तों ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। खाटूनरेश की जय जय कार, बजरंगबली की जय जयकारो के बीच श्री श्याम भंडारे का वितरण प्रारंभ किया गया। सुरेश सरावगी पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर जोशी, गौरव अग्रवाल, मोनू, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, राहुल मारू, पंकज गाड़ोदिया, राजेश चौधरी, श्यामसुंदर जोशी, अभिषेक सरावगी सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवक ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा और बहावलपुरी पंजाबी समाज ने शिविर लगाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति ने कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के बाहर सेवा शिविर लगाया.गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा गुरुद्वारा साहब के बाहर छबील का काउंटर लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं के लिए मीठे शरबत की व्यवस्था की गई.बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर के समीप चाय का स्टाल लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं के लिए चाय एवं बिस्किट की व्यवस्था की गयी। यह दोनों सेवा शिविर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगाये गये। शिविर में सत्संग सभा के बसंत काठपाल,मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा,भूपिंदर सिंह तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज के डॉ सतीश मिढ़ा, ललित किंगर, अश्विनी सुखीजा, नरेश पपनेजा, मुकेश बजाज, राकेश बरेजा, वेद प्रकाश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, मोहन खीरबाट, कामराज खत्री, हरीश नागपाल, जितेंद्र मुंजाल, प्रमोद चूचरा, कवलजीत मिढ़ा, कमलेश मिढ़ा, बिमला किंगर, रवि नागपाल, मधु मक्कड़, कंचन सुखीजा एवं पिंकी अरोड़ा समेत अन्य शामिल थे।

## वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन ने लगाया रामनवमी सेवा शिविर

**रांची (आजाद सिपाही)।** वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन तत्वावधान में राजीव चटर्जी की अध्यक्षता में रामनवमी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा शिविर में का आयोजन आनंदपुरी और ओवरब्रिज रांची में लगाया गया। इस शिविर में चना, गुड़ और शरबत वितरित किया गया। वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव चटर्जी ने कहा कि रामनवमी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रभु श्री राम के जीवन से समस्त विश्व को यह प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य का चरित्र श्री राम के जैसा होना चाहिए। इस सेवा शिविर में संजय सहाय, मिंटू सिंह, संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, पवन झा, जीतू, राहुल चौबे, श्याम किशोर चौबे, सुबरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## रातू रोड में पूर्व पार्षद ने सेवा शिविर लगाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** महारामनवमी शोभायात्रा में गुरुवार को शामिल श्रद्धालुओं का रातू रोड में कब्रिस्तान के समीप पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी की ओर से लगाए गए शिविर के माध्यम से स्वागत हुआ। शिविर के माध्यम से भक्तों के बीच शीतल जल, चना और मिठाई का वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में सुनीता श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता, रजनी देवी, सुनैना भदानी, मधु देवी, सोनी देवी, शीला देवी, परी देवी, अदीति, पिहू, जितेंद्र पहलवान, धर्मेंद्र प्रसाद, आदित्य, निखिल रंजन, प्रत्यूष कुमार, मयंक, मानस, अंश सिंह समेत अन्य की भागीदारी रही।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा का रामनवमी मैदान

## आस्था और विश्वास का उमड़ा जन सैलाब, कई गांवों से निकाली गयी आकर्षक झांकियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जय श्रीराम-जय हनुमान आदि भक्ति उद्घोषों से गुरूवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। अवसर था श्री राम नवमी पर्व का। पर्व को ले श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाको में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया। लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें जन सैलाब उमड़ा। जुलूस की शक्ल में दर्जनो अखाड़े व समितियों की टीम गाजे-बाजे व महावीरी झंडे के साथ आयोजन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उच्चे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला








में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर रामनवमी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मदेनजर भीड़ पर ड्रॉन कैमरा से नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा अमित साहु ने संयुक्त रूप से किया। अवसर पर मुख्य रूप से

पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय सहित रामफल बेदिया, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, राजेश्वर शर्मा, शिवचरण महतो, संजय वर्मा, देवानंद महतो, अशोक सोनी, संजय मिश्रा, संतन सिंह, बैजनाथ कुमार, प्रह्लाद पांडेय सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

**इन अखाड़ों द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकियां :** रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गयी। जिसमें मतकमा, अम्बेडकर क्लब लादी, महावीर मंडल लादी, शिवनगर चिकोर, उपर चिकोर, लपंगा, महुआ टोला, कुरसे, देवरिया, रेलवेस्टेशन हनुमान मंदिर भदानीनगर, संकट मोचन मंदिर भुरकुंडा, हनुमानगढ़ी जवाहर नगर, भुंइया टोला जवाहर नगर, पगला आश्रम जवाहर नगर, सनातन सेवा पटेलनगर, नवयुवक संघ भुरकुंडा सहित कई जगहों से महावीर पताकों के साथ भारी संख्या में रामभक्तों ने जुलूस निकाला।

**विभिन्न संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए कर रखी थी पानी-शरबत, चना-गुड़ की व्यवस्था :** रामनवमी के पावन अवसर पर भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर समिति, सौंदा डी मंदिर समिति, थाना चौक स्थित स्वर्णकार संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडा शुद्ध पेयजल शरबत, चना, गुड़ प्रसाद आदि की व्यवस्था की गयी थी। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में साईं समिति के अशोक सोनी, जगतार सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, अनुपम पाठक, गुड्डू सिन्हा एवं सौंदा डी में जयंत तुरी, तारा, दीपक सिंह, राकेश सिन्हा, डब्लू पांडेय, उपेंद्र शर्मा, संजय यादव, रिशु जायसवाल, राकेश पासवान सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

**मेला को सफल बनाने में इनका रहा विशेष योगदान :** रामनवमी मेला को सफल बनाने में श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के महासचिव प्रदीप मांझी, संरक्षक टिकेश्वर महतो, शिवचरण महतो, उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, कैलाश साहू व राणा प्रताप सिंह, सह कोषाध्यक्ष अमित फौजी, सचिव विश्वरंजन सिन्हा, बिरेंद्र यादव, सतीश मोहन मिश्रा, फुलेष्वर राम, अजय साहू, लक्खी राणा, भोला खान, रंजीत गुप्ता, बाबा टेंट हाउस के इन्द्रजीत छाबड़ा, शंकर मांझी, बिहारी मांझी, डोका, मनोज मांझी, दीपक हेम्ब्रम, अभिषेक प्रसाद, सुनील कुमार, शशि भूषण श्रीवास्तव, शैलेश कुशवाहा, संतोष मिश्रा, संजय मिश्रा, दिलीप अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा, और मुख्य अतिथि रामगढ़ एस डी ओ मो जावेद आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी पतरातु सीओ शिवशंकर पांडेय बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,पतरातु एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी शमिल थे।

## रामनवमी के मौके पर मुस्लिम संगठन ने चना गुड़ शर्बत पिला कर जुलूस का किया स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के मुस्लिम संगठनों, तंजीमो, सोसाइटी, अंजुमनों ने इकबाल की ही पैरवी करते हुए रामनवमी शोभायात्रा का शानदार अभिनंदन किया। जुलूस लेकर चल रहे सभी अखाड़ा के अखाड़ा परमुख को पगड़ी बांधकर शील्ड देकर मुस्लिम संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के केंद्रीय अध्यक्ष मो. सईद, अकीलुर रहमान, आफताब आलम, तौहीद, मो इस्लाम ने कहा कि कमिटी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कैफे मुगल के सामने स्वागत शिविर लगाकर शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालु और रामभक्तों का चना, गुड़ एवं शर्बत-पानी से स्वागत किया जा रहा है। हिंदपीढ़ी वार्ड 23 के पार्षद उम्मीदवार खालिद उमर, पूर्व पार्षद हाजी उमर, साजिद उमर, महबूब, जमील अख्तर सोनू ने स्वागत कैंप लगाकर भव्य स्वागत किया। सभी परमूख को पगड़ी, फूल माला पहना कर स्वागत किया। खालिद उमर ने अपने कैंप में शर्बत, छोहाड़ा, संतरा, केला, अंगूर बांटते नजर आए। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशेर आलम के द्वारा और झारखंड तंजीम के द्वारा रामभक्तों का स्वागत किया गया।

## झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, रांची ने प्रसाद और जल का वितरण किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, रांची ने ऊपर बाजार के मारवाड़ी टोला में रामनवमी के श्री राम के भक्तों के लिए बुंदिया का प्रसाद और जल का वितरण किया। व्यवस्था में संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत सचिव प्रमोद सारस्वत उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, अनिल जालान, अजय बथवाल, कमल जैन, विक्रम जैन, सत्यनारायण मंत्री,राधे पोद्दार,बिपुल जैन, अनूप लखोटिया मौजूद थे

## सेवा भारती, रांची महानगर की वैभवश्री की महिलाओं ने चना, गुड़, शरबत बांटा



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती, रांची महानगर की वैभवश्री की महिलाओं द्वारा किशोर गंज चौक पर रामनवमी उत्सव के शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच चना, गुड़, शरबत और जल वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में सेवा भारती की रानी सिन्हा, मीरा देवी, प्रियंका देवी सहित समूह की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रामनवमी में श्रीराम भक्तों में दिखा उत्साह, राम जी के नारों से गूंजा रामगढ़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी का त्यौहार रामगढ़ जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। जय श्रीराम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहा था। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव को लेकर रामगढ़ के कई स्थानों पर अस्थाई झांकी और चलंत झांकी का भी आयोजन किया गया था। गुरुवार की सुबह से हनुमान जी के मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। जबकि मंदिरों में पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाकर ध्वजारोहण कराया। लोगों ने भक्ति भाव एवं श्रद्धापूर्वक, शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया। इस दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर, प्राचीन काली मंदिर, वीर शिवाजी युवा संघ, भारती मंडली, किला मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, पुरनी मंडप, रामगढ़ युवा संघ, बिजुलिया हनुमान मंदिर, श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति के द्वारा झांकी निकाली गयी।

**विभिन्न अखाड़ा समितियों ने निकाली शोभायात्रा :** रामनवमी पूजा को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी है। जिसमें श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। वही, कई अखाड़ा समितियों द्वारा चलंत झांकी भी निकाली गयी।

**स्थाई झांकी देखने को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ :** राम नवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा स्थाई झांकी बनाए गए थे। झांकी में कलाकारों के द्वारा नृत्य पेश कर श्री राम सीता, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, सहित विभिन्न प्रकार के नाटक किये रूप से प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

**आकर्षक विद्युत सज्जा रहा केंद्र :** राम नवमी पूजा को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा मंदिरों से लेकर आसपास के क्षेत्रों में आकर्षक विद्युत सज्जा से पाट दिया गया था, जो आकर्षक का केंद्र बना रहा।

**रामनवमी झांकी का डीजे जब्त करने पर फैला आक्रोश, विधायक की पहल पर शांत हुआ मामला :** रामनवमी की पूर्व संध्या पर अष्टमी की झांकी और डीजे को लेकर बवाल हो गया था। पुलिस प्रशासन की कारवाइ के विरोध में सैकड़ों लोग सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। रामगढ़ थाना का सैकड़ों लोगों ने घेराव किया। इस मुद्दे पर विधायक सुनीता चौधरी ने पहल की तब जाकर मामला शांत हुआ। विधायक ने रामगढ़ जिला प्रशासन से जप्त किए गए डीजे को तत्काल छोड़ने की मांग की। रामगढ़ डीसी से उन्होंने धरना स्थल से ही बात की थी। जब डीजे थाने से छोड़ा गया तब घेराव और प्रदर्शन समाप्त हुआ। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में शहर के चट्टी बाजार, लोहार टोला सहित पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया था। शहर के कई स्थानों में बनाये गए स्थायी झांकी को विरोध स्वरूप बंद कर दिया गया था।

## रामगढ़ में डीजे जब्ती के बाद खुलकर सामने आयी विधायक



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** श्री श्री राम नवमी पूजा के अवसर पर प्रशासन के द्वारा साउंड गाड़ी जब्ती के बाद विधायक सुनीता चौधरी खुलकर सामने आयी। उन्हें रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष छोटू वर्मा एवं दीपक मिश्रा के द्वारा सूचना दी गई कि रामगढ़ प्रशासन के द्वारा डीजे लगी गाड़ी को जब्त कर थाना ले गयी है। जिसके विरोध में हम सभी अखाड़ा वाले से साउंड सिस्टम एवं लाइट को बंद करवा कर प्रशासन की विरोध कर रहे हैं। सूचना पर तुरंत चट्टी बाजार पहुंची विधायक, डीसी से बात कर जब्त वाहन छोड़ने की बात कही मौके पर विधायक सुनिता चौधरी तुरंत चट्टी बाजार पहुंचकर प्रशासन के कार्यवाई के विरोध में रामभक्तों के साथ धरना स्थल पर बैठ गई। धरना स्थल से ही जिला उपायुक्त माधवी मिश्रा से बात कर जब्त वाहन को छुड़वाने का आग्रह किया ' हालांकि बाद में बड़ी संख्या में लोग थाना पहुंचे। जिसके बाद जब्त वाहन को छोड़ दिया गया। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि प्रशासन की कार्यवाई गलत है।। मैं हर समय सनातन धर्म के साथ खड़ी हूं। विधायक के प्रति लोगों ने जताया आभार, मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा की हम सभी राम भक्त विधायक सुनीता चौधरी को धन्यवाद देते है। उन्होंने बताया कि देर रात्रि रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा रामनवमी समित का जो साउंड सेटअप जप्त कर लिया गया था। जिसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त सड़कों पर उतर आए थे और जैसे ही विधायक को जानकारी हुई मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत उन्होंने रामगढ़ डीसी से फोन से संपर्क कर जप्त साउंड सिस्टम गाड़ी को छोड़ने का आग्रह किया। रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सभी सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा साउंड गाना बजाया जा रहा है। जिस पर बेवजह परेशान करना उचित नहीं है। इसलिए रामनवमी महापर्व शांति एवं धूमधाम से रामगढ़ की जनता मना सके। इसके लिए उचित पहल करते हुए जब्त वाहन को छोड़ने का कार्य करें । मौके पर जिला प्रशासन ने भी विद्यायक के आग्रह को सुनते हुए तुरंत जब्त साउंड सिस्टम गाड़ी को छोड़ दिया गया। कौन कौन थे उपस्थित

मौके पर आजसू नेता विमल बुधिया, अरूण अग्रवाल, नीरज मंडल, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, अनुपमा सिंह, राजेश गोयनका, रोहित सोनी, राजेश महतो, प्रभात अग्रवाल, डीया महतो, साजन शर्मा, बीजू गोइंका, बीजेपी नेता संजय सिंह, बिनोद मिश्रा, राजेश ठाकुर, साहित सैकड़ों राम भक्त मोजूद थे।

## जमीन विवाद में टांगी से काट कर हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जमीन विवाद में टांगी से काट कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। इस हत्याकांड में मृतक के भाई और उसकी पत्नी भी घायल हुई है। यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा पंचायत के अकौना गांव में हुई है, जहां प्रदीप यादव (45 वर्ष) की हत्या टांगी से काटकर कर दी गयी. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक प्रदीप यादव अपनी जमीन पर निर्माण का काम शुरू कराने के लिए बालू गिराने गया था। इसी दौरान जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। मामला बढ़ा तो सुनील कुमार यादव ने टांगी से उसकी हत्या कर दी। इसमें दो और लोग भी घायल हो गये। मृतक के भाई प्रभु यादव व उसकी पत्नी फुलवा देवी ने तुरंत गांव वालों को घटना की जानकारी द। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

## हथियार के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** कुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम गेन्दरा के घटमरवा पुल के पास एक व्यक्ति का शव होने की सूचना कुंदा पुलिस को मिली थी। पुलिस ने घनस्थल पर पहुंच शव की पहचान ग्राम-टुनूदाग, थाना-पिपराटांड, जिला- पलामू के कलाम खलीफा के रूप में हुयी। जिस संबंध में कुन्दा थाना कांड संख्या - 08/2023, 28 जनवरी 23, धारा 302/120 (इ)/201 भादवि एवं 27/35 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। यह कांड का उद्भेदन पुलिस कप्तान राकेश रंजन के गुप्त सूचना पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल एसआईटी गठन कर किया गया। अनुसंधान के क्रम में, कांड का उद्भेदन करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार (देशी कट्टा ) के साथ अपराध में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं उक्त सभी अपराधी ने घटना की अंजाम स्वीकारी है।



साथ ही इनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया देशी कट्टा को बरामद किया गया है घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के खिलाफ अनुसंधान एवं गहन छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। यह जानकारी गुरुवार को एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। गिरफ्तार अपराधियो में मन्टू शर्मा उम्र करीब 23 वर्ष, थाना-पिपराटांड़, जिला-पलामू, मुफील भुईयां उम्र 42, सा०-टुनूदाग, थाना-पिपराटांड़, जिला-पलामू, शंकर भारती उर्फ तुफान, थाना-पिपराखंड, जिला-पलामू का रहने वाला है। इनके पास से एक देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा गोली, एक एक आठ एमएम का खोखा। 02 विभिन्न कम्पनी का मोबाईल फोन के साथ एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल जप्त किया गया। अपराधिक इतिहास अभियुक्त मन्दु शर्मा पाटन थाना कांड संख्या-37/16, दि०-20.04.16, धारा-302/120 (इ ) / 34 आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट. 101. हेरहंज थाना कांड संख्या-24/15, दि० 10.05.15, धारा-120 है। एसडीपीओ साथ छापेमारी अभियान टीम में पुअनि सह कुंदा थाना प्रभारी परमानन्द कुमार मेहरा, थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सी.आर.पी.एफ केटीम ने बच्चो में बैग का किया वितरण

**टंडवा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** प्रखंड के किचटो पंचायत के ग्राम करमटांड में एक्शन प्रोग्राम चतरा 22 बटालियन द्वारा सीआरपीएफ के द्वारा उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय में शिविर एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कैंप लगाकर पढ़ने वालों को बच्चों एव महिलाओ को स्कूली बैग,रेडियो इत्यादि सामग्री का वितरण कर साहस और मनोबल को बढ़ाया गया। स्कूली बच्चों के बैग में दस-दस कॉपी, दस दस पेन, पेंसिल बैग के सेट शामिल थे। चतरा सीआरपीएफ 22 बटालियन के टीम ने बताया की ग्रामीणों को अपने तरफ से कुछ ऐसी सामग्री की वितरण दिया गया।मौके पर चतरा 22 बटालियन के स्पेक्टर जीडीअभिराम शर्मा ने अपने हाथों से गरीब परिवार को सामग्री कॉपी, पेन जीमेट्रिक्स सेट बैग अपने हाथो से वितरण किया।इस मौके पर सीआरपीएफ के जवानो में संजय कुमार, रवि कुमार, किचटो मुखिया मंजू देवी स्कूल शिक्षक एवं सैकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

# रामनवमी पर धूमधाम से निकाली गयी शोभायात्रा, बजरंग दल बना विजेता

**हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की जरूरत है : विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम बाजार स्थित अखाड़ा में श्री श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के तत्वावधान में गुरुवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें एक तलवार, दो तलवार, एक लाठी, दो लाठह फरसा और स्पेशल खेल का प्रदर्शन किया गया। इसे दर्शकों ने काफी सराहा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि लाल अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ अभिजीत कौर,



आजाद सिपाही के वरिष्ठ संपादक हरिनारायण सिंह, कर्नल शशि भूषण, जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हमें राजा राम की तरह पुरुषोत्तम बनने का संकल्प लेने की जरुरत है। तभी समाज में एकता कायम रहेगी और राम राज्य की परिकल्पना सफल होगा। जिस तरह भगवान राम आदर्श है उन्ही की तरह हमें भी आदर्श प्रस्तुत करने की जरुरत है। हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि हरिनारायण सिंह ने कहा कि मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्री राम के चरित्र व गुणों का आत्मसात करने का पावन अवसर रामनवमी है। कहा कि रामनवमी का प्रभु श्रीराम द्वारा प्रशस्त पुण्य पथ पर आगे बढ़ने के संकल्प लेने की जरूरत है।

उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर प्रदर्शन करने वाली टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। खेल में प्रथम पुरस्कार बजरंग दल जोरार, द्वितीय पुस्कार करम टोली महावीर मंडल, तृतीय पुरस्कार जनजागृति कुम्हार टोली एवं चौथा पुरस्कार शहीद बिरसा क्लब जोरार रही। मौके पर हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुये। शोभा यात्रा में युवाओं ने अपनी बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखायी। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी संपन्न होने पर इलाके के लोगों के साथ पुलिस- प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# क्या है दांव पर

चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनावों का एलान कर दिया। दक्षिण के इस अहम राज्य पर फिलहाल बीजेपी काबिज है। उसके लिए कई कारणों से यह महत्वपूर्ण है कि यहां उसका कब्जा बना रहे। कर्नाटक दक्षिण का ऐसा पहला राज्य है, जहां 2008 में सरकार बनाकर बीजेपी ने अपने ऊपर लगे नॉर्थ इंडियन पार्टी का ठप्पा हटाया था। इस बीच पार्टी पूर्वोत्तर राज्यों में भी कामयाबी के झंडे गाड़ चुकी है, लेकिन दक्षिण में आज भी कर्नाटक इकलौता राज्य है, जहां चुनाव हारते-जीतते हुए भी वह अपनी अच्छी खासी पैठ का दावा कर सकती है। इस बार वह सरकार में जरूर है, लेकिन चुनावों के लिहाज से उसके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के रूप में उसके पास लिंगायत समुदाय का सबसे बड़ा नेता उपलब्ध है, लेकिन यह देखना बाकी है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा कर इसी समुदाय के बीआर बोम्मई को सीएम बनाने के फैसले से उपजे द्वंद्व को पार्टी कैसे हल करती है। इस बीच ऐसे संकेत भी मिले हैं कि समुदाय का एक हिस्सा इन दोनों ही नेताओं से नाराज है। खास कर, कुछ दिनों पहले इन दोनों नेताओं के घरों का घेराव होना, इसी नाराजगी का सबूत माना गया था, लेकिन चुनाव से पहले ऐसी नाराजगी का उभरना और फिर दूर होना कोई बड़ी बात नहीं है। सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि पार्टी नेतृत्व इसे कितनी कुशलता से निपटाता है। कांग्रेस की जहां तक बात है, तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद यह पहला ही चुनाव है, जिसमें बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस के प्रदर्शन पर सबकी नजरें टिकी होंगी। विपक्षी खेमे में कांग्रेस की स्थिति भी कमोबेश इस प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। वैसे राज्य में मुकाबला तिकोना ही होगा, क्योंकि जेडीएस भी एक प्रमुख प्लेयर के रूप में मैदान में है, फिर भी केंद्रीय प्रश्न यही रहेगा कि चुनाव बाद सरकार बीजेपी के प्रभाव वाली बनती है या कांग्रेस के प्रभाव वाली। वहीं, जेडीएस यही उम्मीद कर रही होगी कि इतनी सीटें मिल जायें, जिससे उसके सपोर्ट के बगैर राज्य में कोई सरकार न बने। जाहिर है, अगर बीजेपी या कांग्रेस की अपने दम पर सरकार नहीं बनती है, तो जेडीएस के समर्थन से किसी एक की सरकार बनेगी या फिर हो सकता है कि इनमें से किसी के समर्थन की बदौलत जेडीएस सरकार बना ले। 2018 में आयी त्रिशंकु विधानसभा के बाद सरकार गठन के जितने प्रयोग हुए पहले येदियुरप्पा ने सरकार बनायी और बहुमत परीक्षण से पहले इस्तीफा दे दिया, फिर कुमारस्वामी ने सरकार बनायी और 14 महीने बाद इस्तीफा देने को मजबूर हुए और फिर बीजेपी की ओर से येदियुरप्पा ने सरकार बनायी- उसके मद्देनजर तो सबसे बड़ी उम्मीद यही होनी चाहिए कि वोटर स्पष्ट जनादेश दें, ताकि राज्य को कम से कम राजनीतिक अस्थिरता से न गुजरना पड़े।

**पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के रूप में उसके पास लिंगायत समुदाय का सबसे बड़ा नेता उपलब्ध है, लेकिन यह देखना बाकी है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा कर इसी समुदाय के बीआर बोम्मई को सीएम बनाने के फैसले से उपजे द्वंद्व को पार्टी कैसे हल करती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, अब तक महाराष्ट्र में कोरोना के कुल 2,117 एक्टिव केस पाये गये हैं, जिनमें 161 नए केस पिछले 24 घंटों में दर्ज किये गये हैं। वहीं गुजरात में कोरोना के 1,697 एक्टिव केस मिले हैं, जिनमें 168 नए केस पिछले 24 घंटों में देखे गये हैं। देश की राजधानी दिल्ली में 528 एक्टिव केस हैं और 57 नये केस पिछले 24 घंटों में सामने आये हैं।**

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच जांच में कमी न आये

ऋषभ मिश्रा

हम सबने अब मास्क पहनना छोड़ दिया है। सोशल डिस्टेंसिंग को भी हम भूल चुके हैं। कोरोना के समय ये काम हम बार-बार करते थे लेकिन आज हम हाथ धोने से भी कतराते हैं। यहां तक कि अगर आज हमें कोई मास्क लगाये दिखता है, तो उसका मजाक बनाते हैं। कुल मिला कर हम कोरोना काल में बरती गयी सावधानियों को भूल चुके हैं। हम उन दर्दनाक तस्वीरों को भी भूल गये हैं, जब अस्पतालों में चीख-पुकार मची हुई थी।

अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए बेड तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। श्मशान में दाह-संस्कार के लिए भी लंबी लाइनें लगी हुई थीं। सवाल यह है कि क्या हम उसी रास्ते पर दोबारा से जा रहे हैं? क्योंकि देश में कोरोना वायरस की रफ्तार बहुत तेजी से बढ़ रही है जो बहुत बड़े खतरे का संकेत है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, अब तक महाराष्ट्र में कोरोना के कुल 2,117 एक्टिव केस पाये गये हैं, जिनमें 161 नए केस पिछले 24 घंटों में दर्ज किये गये हैं। वहीं गुजरात में कोरोना के 1,697 एक्टिव केस मिले हैं, जिनमें 168 नए केस पिछले 24 घंटों में देखे गये हैं। देश की राजधानी दिल्ली में 528 एक्टिव केस हैं और 57 नये केस पिछले 24 घंटों में सामने आये हैं। कर्नाटक में 792 एक्टिव केस हैं और यहां पिछले 24 घंटों में 109 नए केसों का पता चला है। तमिलनाडु में कुल 608 एक्टिव केस हैं और यहां पर भी वायरस ने अपनी रफ्तार बढ़ायी है। यहां पिछले 24 घंटों में 26 नये केस दर्ज किये गये हैं, तो वहीं केरल का सबसे बुरा हाल है। यहां कुल एक्टिव केसों की संख्या 2,471 है, जिनमें 160 केस पिछले 24 घंटों में दर्ज किये गये हैं।

**खतरा इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह वैक्सीन से बनी इम्युनिटी को भी बाईपास कर सकता है।**




**केंद्र सरकार ने कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लुएंजा के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों की तैयारियों को जांचने के उद्देश्य से अप्रैल माह में राष्ट्रव्यापी 'मॉक ड्रिल अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद की तरफ से सभी जिलों के सार्वजनिक अथवा निजी स्वास्थ्य केंद्रों को इस अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।**

भारत में 8 मार्च तक कोरोना के कुल 2,082 एक्टिव केस थे, जो 15 मार्च तक बढ़ कर 3,264 हो गये। वहीं 16 मार्च को एक दिन में कोरोना के 700 से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं और अब देश में एक्टिव केस 10,000 से ज्यादा हैं। केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की सरकारों को चिठ्ठी लिखकर सावधानी बरतने के साथ 'मैक्रो लैवल' पर 'सर्विलांस टैस्टिंगस' और 'मॉनिटरिंग' बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

केंद्र सरकार ने कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लुएंजा के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों की तैयारियों को जांचने के उद्देश्य से अप्रैल माह में राष्ट्रव्यापी 'मॉक ड्रिल अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद (आइसीएमआर) की तरफ से सभी जिलों के सार्वजनिक अथवा निजी स्वास्थ्य केंद्रों को इस अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

कोरोना के केस जितनी तेजी से दोगुने हुए हैं, उससे भारत में कोरोना महामारी की अगली लहर की आशंका बन गयी है। कोरोना के नए मामलों में बढ़ोत्तरी के पीछे इसके सब-वैरिएंट BB.1.16 एंव BB.1.15 के होने की संभावना जतायी जा रही है।

खतरा इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह वैक्सीन से बनी इम्युनिटी को भी बाईपास कर सकता है। इस वेरिएंट को लेकर पूरी दुनिया में 'जीनोम सीक्वेंसिंग' भी की गयी है, जिसमें BB.1.16 सब-वेरिएंट के सबसे ज्यादा 48 मामले भारतीय सैंपल में ही मिले हैं, जबकि ब्रुनेई में 22, अमरीका में 15 और सिंगापुर के 14 सैंपलों में यह मिला है। कोरोना और एच3एन2 इन्फ्लुएंजा का एक साथ आना बहुत घातक संयोजन हो सकता है।

इस सबके बीच पिछले कुछ सप्ताह से कुछ राज्यों में कोविड-19 की जांचों में कमी देखी गयी है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानक (प्रति 10 लाख की आबादी पर 140 जांच) की तुलना में वर्तमान जांच का स्तर अपर्याप्त पाया गया है। उत्तर प्रदेश में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, जहां अब तक कोरोना के 246 एक्टिव केस मिले हैं, 62 नये केस पिछले 24 घंटों में दर्ज किये गये हैं। हालांकि संक्रमण से बचाव के लिए चलाया जा रहा टीकाकरण अभियान भी काफी सुस्त रफ्तार में चल रहा है। किसी भी सरकारी अस्पताल में अब वैक्सीन नहीं है, जिस कारण सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण नहीं हो पा रहा।

प्राइवेट अस्पतालों में 'काबोर्वैक्स' का टीका 400 रुप/२ में लगाया जा रहा है। यह टीका 12 वर्ष से 14 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को लगाया जाता है। वहीं वयस्कों को इसकी सतर्कता (प्रीकॉशन) डोज का भी न लग पाना वास्तव में चिंता का विषय है। सिर्फ 23 प्राइवेट अस्पताल ऐसे हैं जिनमें काबोर्वैक्स का टीका लग पा रहा है। 'कोविशील्ड' एवं 'कोवैक्सीन' का टीका उपलब्ध ही नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से टीके उपलब्ध कराने और दिशा निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है।

## जमशेदपुर/ओड़िशा और देश-विदेश की खबरें

# गढ़हाबासा में जग कल्याण कामना के साथ 31 ज्योति कलश और ज्वारा का हुआ विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** श्रीश्री शीतला माता मंदिर गढ़हाबासा में चल रहे चैत्र नवरात्रि पर आयोजित ज्वारा महोत्सव का भव्य विसर्जन सह शोभा यात्रा निकाला गया. ज्ञात हो की इस वर्ष 31 ज्योति कलशों की स्थापना की गई थी, जिनकी पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ नौ दिनों तक की गई। प्रत्येक दिनों संध्या में जश गीत के माध्यम से माता को प्रसन्न किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताएं व बहने ज्योति कलश एवं जंवारा सिर पर लेकर पंक्तिबद्ध होकर विसर्जन के लिए चल रहीं थी। हजारों लोग भजन गाते हुए शोभायात्रा में साथ चल रहे थे। भक्तिमय वातावरण में ज्योति कलशों का विसर्जन हुआ। शोभा यात्रा में सैकड़ों लोगों के अलावा प्रमुख रूप से राम प्रकाश साहू, खेम लाल साहू, दिनेश कुमार, खेमलाल चौधरी, परमानंद कौशल, ईश्वर दयाल, देवनारायण साहू, गंगा राम, वेदबती यादव, सोनामुनी सांडिल, ओली चक्रवर्ती, अरूणा देवी, चन्द्ररेखा, द्रोपदी देवी, कौशल्या देवी, जमुना देवी आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

# ओढ़ो-ओढ़ो म्हरी माता रानी आज भक्त लाया थारी चुदड़ी, जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा कुलदेवी महासर माता का छठवां मासिक कीर्तन उत्सव साकची श्री अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया गया। यजमान अनिल भालोटिया सपत्नी द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित की गयी। पंडित रामजी पारिक ने पूजा की और सबको रक्षा सूत्र बांधा. इस अवसर पर भजन गायक सुमित्रा बनर्जी, महावीर अग्रवाल, बंटी चांगिल द्वारा गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया गया। कलाकारों द्वारा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर कुलदेवी का गुणगान किया गया। कलाकारों द्वारा भक्तों ने ज्योत जलाई मैया दौड़ी चली आयी ओढ़ों-ओढ़ो म्हरी माता रानी आज भक्त लाया थारी चुदड़ी, चांद सा सुंदर मुखड़ा जिसका, छोटी सी प्यारी सी., बांटो रे बांटो बधाई जम के मईया आयी सिंह चढ़ के.., कृपा अपनी मइया जी बनाये रखियो, हम मैया वाले हैं सुनो जी हम मैया वाले हैं, ये मईया का परिवार है ये मईया का परिवार हैं, महासर जाके मैया मेरी मौज हो गईङ्क, हनुमान को खुश करना आसान होता है आदि भजनों की शानदार की गयी प्रस्तुति पर भक्त माता के जयकारे लगाते हुए झूमते रहे. मुख्य आकर्षण माता का आलौकिक दरबार, भजनों की अमृत वर्षा, छप्पन भोग, महाप्रसाद आदि रहा। आरती के बाद 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में संजय भालोटिया, कृष्णा भालोटिया, राजेश पसारी, प्रदीप मित्तल, ललित डांगा, पंकज छावछरिया, प्रवीण भालोटिया, शिव सिंधानिया, प्रमोद भालोटिया, गोविंद अग्रवाल, टोनी भालोटिया, संगीता मित्तल, सुनीता पसारी, सुमन भालोटिया, नमिता मित्तल आदि का योगदान रहा।

### पीएम मोदी ने नये संसद भवन का औचक दौरा किया

# विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार शाम यहां नये संसद भवन का औचक दौरा किया और विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा निर्माण श्रमिकों से बातचीत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने भवन के अंदर एक घंटे से अधिक समय बिताया। सूत्रों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मोदी ने संसद के दोनों सदनों के लिए सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के साथ भी बातचीत की।

# कटक रेलवे स्टेशन पर भद्रक-नयागड टाउन मेमू ट्रेन का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/कटक।** आज दो केंद्रीय मंत्रि धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव ने कटक रेलवे स्टेशन में भद्रक-नयागड़ टाउन मेमू ट्रेन का उद्घाटन किया। भद्रक-नयागड टाउन-भद्रक मेमू ट्रेन कटक स्टेशन से रवाना होगी लेकिन इस ट्रेन की नियमित सेवा कल से दोनों दिशाओं में शुरू होगी। यह ट्रेन चलने से भद्रक और नयागड़ दोनों जिलों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के शिलान्यास समारोह में भद्रक से भुवनेश्वर के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने की घोषणा किए थे। 08555/08556 भद्रक-नयागड टाउन-भद्रक मेमू ट्रेन भद्रक से सुबह 5:45 बजे छूटेगी और 11:55 बजे नयागड टाउन पहुंचेगी। वापसी के रूट पर ट्रेन नयागड टाउन से शाम 5:55 बजे रवाना होगी और रात 10:45 बजे भद्रक पहुंचेगी। इस ट्रेन दोनों दिशाओं में भद्रक और नयागड टाउन के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

# वेदांत एल्युमीनियम ने महीने भर चलने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**वेदांता एल्युमीनियम ने हमेशा कंपनी के भीतर लैंगिक विविधता को बढ़ाने का प्रयास किया है, इसके विकास रोडमैप को न्यायसंगत कार्यस्थल प्रथाओं के मूलभूत स्तंभों पर आधारित किया है।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वेदांता एल्युमिनियम ने अपनी महिला कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों के सदस्यों के लिए एक महीने तक चलने वाले उत्सव का आयोजन किया, जिसकी थीम 'थीम' थी। इक्विटी को गले लगाओ'। वेदांता एल्युमीनियम ने हमेशा कंपनी के भीतर लैंगिक विविधता को बढ़ाने का प्रयास किया है, इसके विकास रोडमैप को न्यायसंगत कार्यस्थल प्रथाओं के मूलभूत स्तंभों पर आधारित किया है। लैंगिक समानता के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री सुनील गुप्ता सीइओ- वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा, वेदांत एल्युमीनियम में विविधता और समावेश लैंगिक समानता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में विश्वास और संस्कृति के जुड़वां स्तंभ हैं। जबकि औसत वैश्विक लिंग विविधता धातु, खनन और भारी इंजीनियरिंग उद्योगों में निम्न एकल अंकों के भीतर है, हमारे उद्योग-अग्रणी लोक प्रथाओं के कारण हमारे पास एक स्वस्थ लिंग विविधता प्रतिशत है। हम समान अवसरों तक पहुंच की इस संस्कृति को स्थानीय समुदायों तक भी पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

# इंदौर में मंदिर की बावड़ी धंसी,14 की मौत

## रामनवमी पर हवन कर रहे करीब 30 से ज्यादा लोग 40 फीट नीचे गिरे, 17 को बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के हवन के दौरान बावड़ी की छत धंसने से 14 लोगों की मौत हो गई। 10 महिलाओं समेत कुल 11 शव बाहर निकाले गये। जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने रस्सियों के सहारे 19 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती किया था। बावड़ी में 30 से ज्यादा लोग गिरे थे। यह 40 फीट गहरी है। इसमें 4-5 फीट पानी है। नगर निगम ने तीन पंप की मदद से पानी निकाला। जिसके बाद दोबारा रेस्क्यू शुरू किया है। ऑक्सीजन के साथ गोताखोरों को उतारा गया है। मौके पर एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची है। महू से आर्मी की टीम भी आ रही है। हादसा सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर में हवन के दौरान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोग बावड़ी की छत पर बैठे थे। वजन से उसकी छत टूट गई और लोग नीचे गिर गये। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है। कलेक्टर ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराने की बात कही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजन को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। सरकार घायलों का इलाज करायेगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से भी मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट कर ये जानकारी दी गई है। जिस मंदिर में ये हादसा हुआ। उसके एक तरफ सर्वोदय नगर, दूसरी तरफ पटेल नगर और तीसरी तरफ स्नेह नगर क्षेत्र आता है। इसलिए यहां आयोजित हवन-पूजन के कार्यक्रम से तीनों ही क्षेत्र के लोग पहुंचे थे।

### राष्ट्रपति से लेकर पीएम और राहुल गांधी ने जताया दुख

**इंदौर हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति शोक-संवेदनाएं व्यक्ति की, साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी हादसे पर दुख जताया है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।**

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मंत्री मिथिलेश ने मां काली एवं गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर की गढ़वा की सुख समृद्धि की कामना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रामनवमी के मौके पर गढ़वा स्थित मां काली मंदिर एवं मां गढ़देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंत्री श्री ठाकुर ने पूजा-अर्चना कर गढ़वा के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंत्री ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री राम के आदर्श को सभी को अपनाना चाहिए। भगवान राम के राज्य में किसी को किसी से कोई बैर नहीं था। सभी जीव, जंतु, मानव सुख, शांति पूर्वक एक साथ मिलकर रहते थे। आज हमारा देश भारत भी विविधता में एकता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भगवान श्री राम के आदर्श को दर्शाता है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश का सगमा में किया स्वागत



**सगमा (आजाद सिपाही)।** पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला हक के यहां से एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के दौरान सगमा प्रखंड मुख्यालय के जेएमएम कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने बुधवार को शाम पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर को सगमा बाजार में गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मिथलेश ठाकुर को पेयजल मंत्री बनने के बाद पहली बार सगमा के रुट होते हुए धुरकी में उनका आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों ने पेयजल मंत्री के समक्ष कहा कि सगमा बीडीओ द्वारा हमेशा अभद्र व्यवहार किया जाता है। लोगों ने एक स्वर में सगमा बीडीओ सत्यम कुमार को सगमा प्रखंड से हटाने को मांग की। लोगों ने कहा कि अगर सगमा बीडीओ को तत्काल नहीं हटाया जाता है तो लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर मंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों की मांगें बहुत जल्द पूरी की जाएगी।

## श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में आयोजित महायज्ञ में भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने किया भंडारा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम चरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह के सौजन्य से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का शुभारंभ स्वयं गिरिनाथ सिंह ने अपने हाथों लोगों को पूड़ी परोसकर किया। मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव राज तिवारी, आचार्य भोलानाथ पांडेय, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, राम बाबू ठाकुर, उतम पांडेय, हथाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, एसआई श्रवण कुमार, सुनील माली, शुभम झा सहित काफी संख्या में राम भक्त शामिल थे।

## जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने मंत्री के सौजन्य से पूजा कमेटियों को सहयोग राशि प्रदान की



**रंका (आजाद सिपाही)।** श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुल्पानी सिंह को मंत्री के सौजन्य से सहयोग के रूप में 51000 एवं प्रवचनकर्ता आराधना चतुर्वेदी जी को भी पांच हजार रुपए प्रदान किये। मौके पर पूजा कमेटी की मंदिर के प्रांगण में मार्बल टाइल्स लगाने की मांग पर सहमति जताते हुए रामनवमी के दो दिनों के बाद मंत्री जी के सौजन्य से मार्बल टाइल्स लगाने की बात कही। वहीं खरडीहा पंचायत के बजनवां हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित संध्या गंगा आरती में शामिल होकर पूजा कमेटी को 51000 रुपए एवं गंगा आरती में पहुंचे बनारस के पंडा ब्राह्मणों को दस हजार रुपए तथा सोनदाग मां अंबे पूजा कमेटी के द्वारा आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में भाग लेकर पूजा कमेटी को 51000 रुपए सहयोग राशि प्रदान की। मौके पर झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, आशुतोष जी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, किशोर कुमार ओझा, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, लवली उरांव, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**रामनवमी : मेराल प्रखंड में महावीरी झंडों के साथ निकला भव्य रामनवमी जुलूस**

# 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम' से गूंजा क्षेत्र

**विभिन्न अखाड़ों ने निकाली रामदरबार की झांकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड भर में हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा रामदरबार की झांकी निकाली गई।

मेराल बाजार स्थित देवी धाम मंदिर से भव्य जुलूस के साथ राम लक्ष्मण एवं जानकी की झांकी निकाली गयी। इसी तरह पूर्वारा टोला, मुड़ल टोला, बस स्टैंड, श्रीराम सेना लगमा आदि अखाड़ों द्वारा राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जयकारे के साथ निकाले गये भव्य जुलूस का थाना चौक पर मिलन के बाद बस स्टैंड, पुरानी बाजार होते प्राचीन शिव मंदिर, देवी धाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस का नेतृत्व सभी टोलों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे। जुलूस शांतिपूर्ण तथा समय से समापन करने के लिए थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान जुलूस में शामिल थे। जिसका नेतृत्व बीडीओ प्रवेश कुमार साव कर रहे थे। इसी तरह करकोमा में जय श्री राम सेना के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया साथ ही दलेली, पचफेड़ी, हासनदाग, बाना, दुलदुलवा, अटोला, बंका अभी जगहों में भी भव्य जुलूस निकाला गया। मुख्यालय सहित सभी पंचायत क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया।




## रामकथा का कोई अंत नहीं होता: संत प्रपन्नाचार्य जी

**राम कथा के अंत में रामदरबार की आकर्षक झांकी निकाली गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** नरगीर स्थान, गढ़वा में चल रहे रामकथा ज्ञान गंगा यज्ञ के आठवें और अंतिम दिन अयोध्या के पूज्य संत श्री अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि रामकथा समाप्त नहीं होती यह विराम लेती है। रामकथा अनवरत चलती रहती है इसका कोई अंत नहीं होता। आज अंतिम दिन की कथा में शबरी से भेंट, सूर्पनखा प्रकरण, मारीच वध, बाली वध, जटायु को मुक्ति, हनुमान जी का लंका दहन, कुंभकर्ण एवम मेघनाथ सहित रावण वध का संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित विवेचन किया। आज अंतिम दिन की कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के कारण नरगिर स्थान मे जगह कम पड़ गयी थी। कथा के अंत में रामदरबार की आकर्षक झांकी निकाली गयी जिसने दर्शकों को खूब लुभाया।

श्रीरामजी ने छुआ छूत और ऊंच नीच का कभी भेद नहीं किया। शबरी के यहां जाकर उसके जूठे बेर खा कर उन्होंने यह दर्शाया कि वे केवल प्रेम और भाव के भूखे हैं। भगवान ने शबरी को भक्ति के नौ प्रकार या नवधा भक्ति का उपदेश दिया। पहली भक्ति है संतों का सत्संग, दूसरी भक्ति है मेरे कथा प्रसंग में प्रेम और तीसरी भक्ति है गुरु की सेवा। ऋष्यमूक पर्वत वानरों की राजधानी किष्किंधा के निकट स्थित था। इसी पर्वत पर श्रीराम जी की हनुमान से भेंट हुई थी। भक्ति रूपी हनुमान ने जीव रूपी सुग्रीव को ब्रह्म रूपी श्री राम से भेंट कराया। प्रपनाचार्य जी ने बताया कि सातवां काण्ड सुंदरकांड में हनुमान जी के शौर्य और पराक्रम का वर्णन है जिसके पाठ से घर में सुख शान्ति आती है और आत्मबल में आशातीत वृद्धि होती है।

राम रावण का युद्ध काफी भयंकर और विध्वंसक था। राम ने रावण के दस सिरों और भुजाओं में दस-दस बाण मारे लेकिन वे फिर नये हो गये। ऐसा उन्होंने कई बार किया लेकिन रावण को मार पाने की सारी चेष्टा बेकार हो गई। तब विभीषण के कहने पर राम रावण की नाभि में अग्नि बाण मारते हैं और उसके अमृत को सूखा देते हैं उसके पश्चात श्रीराम रावण का वध कर देते हैं। कथा के अन्त में रामकथा आयोजन समिति नरगीर स्थान के अध्यक्ष चन्दन जायसवाल ने प्रपन्नाचार्य जी और उनकी पूरी टीम को, उपस्थित सभी श्रद्धालुओं तथा व्यवस्था में लगे कार्यकताओं का कथा के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

कथा में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल, करीमन जी, भगत सिंह साहू, जगजीवन बघेल, संजय सिंह, भरत केशरी, नितेश कुमार, अरविंद पटवा, सुदर्शन मेहता, गुडू हरी, रविन्द्र पटेल, दीनानाथ बघेल टूना बाबा जयशंकर बघेल, सोनू बघेल, गौतम चंद्रवंशी, आकाश बघेल, सांतनु केशरी, मुन्ना बघेल, देव बाबू, गोलू बघेल, मोनू बघेल, नीरज चंद्रवंशी, आदित पंचोली, अवधेश कुशवाहा, डा. मुरली गुप्ता, मनीष कमलापुरी, द्वारिका पाण्डेय,

## बसपा के नाम पर लोग दूसरों को भ्रमित कर रहे हैं : राजन मेहता

**गढ़वा जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष को पार्टी से किया गया निष्कासित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला बहुजन समाज पार्टी के कुछ पदाधिकारी पार्टी के नाम पर लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। वैसे लोगों को पार्टी में रहने की कोई जरूरत नहीं है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्यशी सह बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने गुरुवार को चिनियां रोड स्थित मनीष सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। राजन मेहता ने बताया कि पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा बिना आदेश के कार्यक्रम कर कुछ लोगों को पार्टी में शामिल करने का काम किया है। वैसे लोगों को अनुशासनहीनता का परिचय देते हुए पार्टी से निष्कासित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सिर्फ सुप्रिमो मायावती के दिशा-निर्देश पर चलती है। पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगों को पार्टी में रहने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी 30 मार्च 2023 को सुबह 11 बजे भंग कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्सर्व गार्डेन में जो कार्यक्रम किया गया है मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि जिसको भी पार्टी में शामिल होना है उसके लिए बहुजन समाज पार्टी पूरी तरह से स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी संविधान के नीति व सिद्धांतों पर चलती है और आगे भी चलने का काम करेगी।

इस मौके पर मनीष सिंह सहित कई बहुजन पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीराम का आदर्श मानव चेतना का उत्कर्ष है : सत्येंद्रनाथ तिवारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** रामनवमी के मौके पर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में विभिन्न संघों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने सदर प्रखंड के पचपड़वा, लगमा के अलावा रंका, भलुवानी, मेराल सहित शहरी क्षेत्र में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वह कई जगहों पर शोभा यात्रा में भी शामिल हुए। मौके पर पूर्व विधायक ने क्षेत्रवासियों को रामनवमी की शुभकानाएं देते हुए कहा कि सभी को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने माता रानी और भगवान श्री राम से गढ़वा सहित पूरे देश में एकता एवं अखंडता बनाये रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि श्रीराम का आदर्श मानव चेतना का उत्कर्ष है। असुरों का संहार करने के लिए भगवान राम ने पृथ्वी पर अवतार लेकर अपने जीवन में मर्यादा का पालन करते हुए मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाये। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। इसीलिए सभी को अपने जीवन में भगवान राम के आदर्श को अपनाना चाहिए। मौके पर भाजपा नेता जवाहर पासवान, जिला महामंत्री संतोष दुबे, ओम सिंह, सुप्रित केशरी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, लक्ष्मीकांत पांडेय, विकास तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कसौधन वैश्य समाज महिला मंच ने स्टॉल लगा कर की रामभक्तों की सेवा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज गढ़वा मेन रोड में राम भक्तों के लिए शीतल पेयजल, मुरब्बा एवं चना गुड़ का स्टॉल लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा महिला थाना प्रभारी सीमा कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष शोभा कश्यप के द्वारा थाना प्रभारी को अंग वस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष ममता कश्यप के द्वारा थाना प्रभारी को तलवार भेंट की गयी। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना कश्यप के द्वारा किया गया। महिला थाना प्रभारी सीमा कुमारी के द्वारा कहा गया कि बहुत ही गर्व की बात है कि समाज की महिलाएं घर की दहलीज से बाहर निकल कर सामाजिक कार्य में लगी हुई हैं और इन सभी के द्वारा राम भक्तों की सेवा की जा रही है। इनके कार्य और जज्बे को देखकर लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में संगठन मंत्री नमिता कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन बाला, संरक्षक किरण देवी, श्यामा देवी, तारा देवी, सगीता देवी एवं अन्य और महिलाएं उपस्थित थीं।

## भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व के साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न हो गया। मंदिरो में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं भीड़ लगी रही। जबकि कई मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा कन्या पूजन कर उपवास खोला गया। चैत रामनवमी को लेकर भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवी धाम मंदिर, नटवीर बाबा धाम, अधौरा स्थित मांडर महारानी मंदिर, सिंघिताली स्थित मंदिर, अरसली उतरी दुर्गा मंदिर, टाउनशिप स्थित महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के नवमी के दिन सुबह से सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मत्था टेककर सुख समृद्धि एवं क्षेत्र में शांति के लिए मन्नते मांगी। राम नवमी पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के बाहर व्यापक पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उधर नवरात्रि पर्व के नवमी के दिन देवीधाम मंदिर एवं नटवीर बाबा धाम पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्रीराम सेना के गौरव सिंह, सुभाष गुप्ता, अमन सिंह, गौतम, अंकित, अमृत सिंह, नटवीर बाबा धाम के आयोजक रामदेव राम, जमुना राम, डबलू सिंह, लखन भुंइया, जयराम बैठा, नंदू, संजय सिंह, अमरेश सिंह, भरत कुमार, धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : नगर उंटारी पुलिस ने 26 मार्च को खेत में मिली लावारिश लाश के मामले का किया उद्भेदन**

# सास और दामाद ने मिल कर की थी कुल्हाड़ी से मार कर हत्या

**सास और दामाद के अवैध संबंध के बीच मृतक मुस्लिम अंसारी बन रहा था रुकावट : डीएसपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** सास ने दामाद के साथ अवैध संबंध के चक्कर में आकर अपने दामाद के साथ मिलकर पति की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। जिसका उद्भेदन करते हुए नगर उंटारी पुलिस ने बताया कि नगर उंटारी थाना को 26 मार्च 2023 को सोनवर्षा एवं बिशनपुर गांव के बीच खेतों में एक लावारिस लाश बरामद की गयी थी। जिसकी पहचान मुस्लिम अंसारी पिता सादिक अंसारी, ग्राम सोनबरसा के रूप में की गयी थी। नगर उंटारी थाना ने मामला दर्ज कर छानबीन करने के पश्चात हत्या में संलिप्त मृतक की पत्नी जुलेखा बीवी (40) एवं मृतक का दामाद नाजिर अंसारी (22) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही हत्या में उपयोग की गयी टांगी को जब्त कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले 26 मार्च को सोनवर्षा गांव के खेत में एक लाश बरामद की गयी थी। जिसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। नगर उंटारी पुलिस पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मामले का उद्भेदन किया है। जिसमें हत्या में शामिल मृतक की पत्नी एवं उसके दामाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को रात्रि में दोनों के द्वारा मिलकर हत्या की गई। उन्होंने बताया कि मृतक मुस्लिम अंसारी एवं उसका दामाद नाजिर अंसारी दोनों साथ में बाहर काम करते थे। काम से दोनों साथ लौटे। 25 मार्च को रात्रि में नगर उंटारी से घर सोनबरसा जाने के क्रम में पूरी योजना के अनुसार नाजिर अंसारी एवं जुलेखा बीवी के द्वारा मिलकर खेत में टांगी से वार कर मुस्लिम अंसारी की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के बयान के अनुसार जुलेखा बीबी एवं उसके दामाद नाजिर अंसारी के बीच पिछले कुछ वर्षों से अवैध संबंध था। उसी दौरान जुलेखा बीवी ने नाजिर अंसारी की अपनी बेटी हसबुन बीबी के साथ शादी करवा कर उसे अपना दामाद बना लिया। दोनों के बीच में मुस्लिम अंसारी बार-बार आ रहा था। मुस्लिम अंसारी को भी दोनों के बीच के संबंध का शक था। इसलिए दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का फैसला किया। उसी दौरान दोनों ने पूर्व नियोजित योजना के अनुसार दांगी से वार कर हत्या कर दी।

पुलिस की छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुआनि राहुल कुमार, जितेंद्र भगत, विक्रम सिंह, कुणाल किशोर, श्रीकांत पांडे सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## रंका सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डा. गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ गोपाल प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला में हर बीमारी से संबंधित स्टाल भी लगाए गए थे। मौके पर लेखा अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार, एएनएम चंद्रकांती कुमारी, बीटीटी पिंकी कुमारी, सहिया साथी प्रमिला देवी, डॉ गोरखनाथ पाण्डेय, प्रिती सिंह, इस्तेयाक अंसारी, एएनएम कंचन कुमारी, आभा कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सगमा के मकरी गांव में देवी जागरण का आयोजन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मकरी गांव के नवजागरण मां भगवती संघ समिति के द्वारा नवरात्र के अष्टमी के दिन बुधवार को देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य अंजू यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, थाना प्रभारी सदानंद कुमार, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व नवजागरण मां भगवती संघ समिति के द्वारा आये हुए मुख्य अतिथियों एवं सभी कलाकारों को फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सोनभद्र के रावट्र्सगंज से आयी भोजपुरी गायिका पूजा कैमुरी व अनपरा सोनभद्र के लोक गायक गणेश ग्वाला के साथ गांव के गायक मनीष मौर्या ने भक्ति जागरण की शुरुआत देवी पचड़ा भजन से करते हुए रातभर भजन एवं लोक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विहिप के खंड प्रमुख रामजन्म गुप्ता ने किया। आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह यादव, उपाध्यक्ष रामचन्द्र शाह, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर प्रजापति, सचिव महेंद्र जयसवाल, महामंत्री अजय कुशवाहा, उमेश शर्मा, जयप्रकाश यादव, धीरज जयसवाल, अनिल ठाकुर, महेंद्र शाह, अजित कमलापूरी, कुंदन प्रजापति, उमेश ठाकुर, बिहारी प्रजापति, मोनू जयसवाल, गोरख शाह, पारसनाथ यादव, मनी प्रसाद के साथ अवधेश प्रसाद के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यक्रम को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी।

## बिलारी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी गांव में रामनवमी महासमिति की ओर से धूमधाम से रामनवमी का जुलूस निकाला गया। पूरे गांव का भ्रमण कर जुलूस में शामिल लोगों ने जयश्री राम, जय हनुमान के नारे लगाए। वहीं, रामनवमी महासमिति द्वारा बिलारी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया गया। इस प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बिलारी में कई वर्षों से रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें सभी समुदाय के लोग शामिल होकर आपसी एकता का परिचय देते हैं। इस मौके पर बहेरा मुखिया रेखा देवी, रमेश मुंडा, विमल महतो, बसंत नारायण महतो आदि मौजूद थे।**

### बारिश और तेज हवाएं भी कम नहीं कर सकीं रामभक्तों का उत्साह, जगह-जगह निकला भव्य जुलूस

# श्रीराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी/अड़की।** हल्की बारिश और तेज हवाएं भी रामनवमी त्योहार में राम भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। बारिश के बीच गुरुवार को भक्तिपूर्ण वातावरण में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सुबह से ही शहर के प्रमुख देवी गुड़ी, महादेव मंडा, दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली, श्रीराम मंदिर पिपराटोली, हनुमान मंदिर भगत सिंह चौक, ठाकुरबाड़ी सहित अन्य मंदिरों व अखाड़ों में प्रभु श्रीराम व उनके परम भक्त वीर हनुमान की पूजा-अर्चना श्रद्धा और निष्ठा से की गई। रामनवमी महोत्सव का मुख्य आकर्षण केंद्रीय रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित नवमी की विराट शोभायात्रा रही, जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों अखाड़ों के खिलाड़ियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। नवमी की यह शोभायात्रा अपराह्न नेताजी चौक से निकलकर डाक



रामनवमी के जुलूस में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं अन्य।



राम नवमी के जुलूस में भारी संख्या में शामिल लोगों का हुजूम।

बंगला रोड, भगत सिंह चौक, मुख्य पथ, शिवाजी चौक, कर्रा रोड, बड़ी मस्जिद लेन, चौधरी मोहल्ला, तेली टोला, बड़ाईक टोली, लियाकत अली लेन, गढ़टांड़, डहगुटू, मिश्रा टोली, मुख्य पथ, थाना परिसर होते हुए पुनः नेताजी चौक पहुंची और वहां से अपने गंतव्य आश्रम टांड़ मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस में शामिल सैकड़ों महावीरी पताकाओं को आश्रम टांड़ मैदान में वृत्ताकार परिधि में स्थापित कर दिया गया। शोभायात्रा में 108 लाइसेंसी महावीरी झंडों के साथ विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी व विशाल जनसमूह राम भक्त हनुमान की जय जयकार करते अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते ताशे व भजनों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। विभिन्न संगठनों ने स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, ठंडा पेय, फल, चना, गुड़ आदि की व्यवस्था की थी। मारवाड़ी युवा मंच, वीकेएस इन्फ्राट्रक्चर, छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, रौनियार वैश्य समिति, संत निरंकारी मंडल, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, अंजुमन इस्लामिया, सहित अन्य संगठनों क्षरा मुख्य पथ, कर्रा रोड, शिवाजी चौक आदि क्षेत्रों में स्टॉल लगाए गए थे। इसके अतिरिक्त अन्य समाजसेवी लोगों ने भी अपने अपने घरों के सामने जुलूस के स्वागतार्थ ठंडा पेयजल चना गुड़ आदि की व्यवस्था की थी। केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी थोड़ी देर के लिए शोभायात्रा में शामिल होकर रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री व विधायक का केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर स्वागत किया गया।

जुलूस का नेतृत्व केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत व महामंत्री जितेंद्र कश्यप कर रहे थे। इनके अतिरिक्त महासमिति के आदित्य प्रसाद गुप्ता, रमेश मांझी, मदन मोहन गुप्ता, भोलानंद तिवारी, आशुतोष भगत, गणपत भगत, मदन मिश्रा, काशी नाथ महतो, मदन मोहन मिश्रा, महेंद्र भगत, अर्जुन पहान, जयंतलाल स्वर्णकार, बाल गोविंद सिंह, शिवनारायण गौंझू, राजकुमार गुप्ता, किशोर साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार अनूप कुमार साहू, जयप्रकाश भाला, संजय मिश्रा, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, बालमुकुंद कश्यप, किशोर गौंझू, रुपेश जायसवाल, नकुल भगत, परमानंद कश्यप, बजरंग बाहेती, विनोद जायसवाल कुकू तिवारी, अनिल चौधरी, आनंद राम, पंचू महतो, योगेंद्र नायक, सुनील साहू, संजय साहू, जयवीर लाल, निरंजन भगत, विशाल साहू, सहित महा समिति के अन्य सदस्य और विभिन्न अखाड़ों के पदधारी जुलूस संचालन में अपना योगदान दे रहे थे।

### ग्रामीण इलाकों में भी उमड़ी भीड़

जिले के कर्रा, तोरपा, रनिया, अड़की और मुरहू सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भी रामनवमी त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया गया। तोरपा विधायक कोचे मुंडा भी तपकारा और गोविंदपर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुए।

## तोरपा में निकला भव्य जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** मर्यादा पुरुषोत्म भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर गुरुवार को तोरपा में विशाला भोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पूर्व बजरंग बली मंदिर में सुबह से ही पूर्जा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर की मुख्य पूजा में तोरपा के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह और सामजसेवी रामजन्म सोनी सपत्निक यजमान के रूप में शामिल हए। पूजा और आरती के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों महिला-पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। पिछले कई दिनों से चल रही तैयारी के बाद शोभायात्रा में राम परिवार की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। जुलूस के साथ चल रही झांकी की विशेष तैयारी डांस एकेडमी के युवाओं ने की थी। शोभायात्रा से पूर्व युवाओं ने बाइक जुलूस निकाला। बाइक जुलूस मंदिर प्रांगण से निकल कर पहले पेट्रोल पंप, कर्रा रोड, बाजारटांड़, बड़ाईक टोली, बांसटोली होते हिल चौक पहूंची, तथा मुख्य चौक होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान रामगढ़ से आई बैंड पार्टी ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा के दौरान अध्यक्ष सुबोध जायसवाल, निशांत व आशीष जायसवाल, पवन गुप्ता, सोष जायसवाल, अजीत जायसवाल, प्रदीप भगत, दीपक तिग्गा, नीरज, सुनील सोनी सहित समिति के अन्य सदस्या के अलावा प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दिया।

### बारिश में भी कम नहीं हुआ उत्साह

रामनवमी का शोभायात्रा शरूि होने के पहले ही तेज हवा और गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई। हल्की बारिश में भी राम भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और बैंड की धुन पर रामभक्त जय श्रीराम और बजरंग बली के जयकारे के साथ झूमते रहे। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा कुछ समय के लिए शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके बाद वे तपकारा की शोभायात्रा में शामिल होने चले गए।

## राममय हुआ खलारी कोयलांचल, चारों ओर जय श्रीराम की गूंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी सहित पूरे प्रखंड में गुरुवार को रामनवमी त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनवमी को लेकर महावीरी पताका व रामनवमी के गानों से पूरा खलारी कोयलांचल क्षेत्र राममय हो गया। सुबह से ही बजरंगबली की प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर और श्रीजानकी रमण मंदिर में रामभक्त हनुमान व भगवान राम की पूजा करने के लिये श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने लगी थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा इस बार विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिरों में पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ अपने-अपने घरों में महावीरी पताका लगाया। कई घरों में भगवान श्रीराम के साथ ही कुलदेवता की भी पूजा की गई। श्रीजानकी रमण मंदिर में ठीक दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम



रामनवमी के जुलूस में उमड़ा भक्तों का हुजूम

का जन्मोत्सव पूरे विधि विधान से मनाया गया। मौके पर जसवंत दुबे व सर्वानन्द दुबे द्वारा विशेष पूजन कर भगवान रामचन्द्र की आरती की गई। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन को सफल बनाने में शशि सिंह, अवधेश यादव, बजरंगी केशरी, गिरिधर तिवारी, तुलसी राणा, मनोज बनर्जी, रामराजीव सिंह, संतोष सिंह का सराहनीय सहयोग रहा है। रामनवमी को लेकर खलारी के केडी हिन्दुगढ़ी चैंक, शहीद चैंक, महावीर नगर आदि क्षेत्रों को महावीरी पताका से पाट दिया गया। साथ ही पुरा खलारी कोयलांचल क्षेत्र रामनवमी के गानों से गुजायमान रहा। दोपहर बाद खलारी के आसपास के सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों करकट्टा, धमधमियां, जयप्रकाश नगर, महावीर नगर, चदराधौड़ा, प्रगति नगर, चुरी, हुटाप, अम्बाटोंगरी सहित अन्य अखाड़ों में अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। शाम में सभी अखाड़ों के लोग अपने-अपने महावीरी पताको को लेकर जुलुस की शक्ल में श्रीजानकी रमण मंदिर परिसर में आये और झण्डे का मिलान किया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा लाठी-डण्डे सहित अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देर शाम सभी अखाड़ों के झण्डों को लेकर एक साथ जुलुस की शक्ल में पहाड़ी मंदिर गये और झण्डा मिलान किया गया। मौके पर अच्छे प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को पुरस्कृत किया गया। रामनवमी में शांति व्यवस्था बनाये रखने में थाना प्रभारी इंस्पैक्टर मो फरीद आलम के नेतृत्व में खलारी पुलिस दिनभर चैकस रही।

## रामनवमी पर तमाड़, राहे एवं बुंडू में निकला भव्य जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/रड़गांव/राहे/बुंडू।** रामनवमी त्योहार गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। राहे में बजरंगबली कमेटी उपरटोली, राज क्लब धोबी टोली, पाठकडीह और नावागांव कमेटी की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। सोलहआना परिसर में युवको ने पारंपरिक हथियार से हैरत अंगेज करतब दिखाए। लाठी डंडे का खेल भी आकर्षक रहा। उप प्रमुख उमेश महतो ने आकर्षक खेल दिखाने वाले युवक, आखड़ा दल संचालक और अतिथियों को शॉल, टीशर्ट, तलवार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिप सदस्य बादल महतो, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान, विजन कुमार, रामपुकार बैठा, जगन्नाथ मुखर्जी, अक्षय महतो, सुभाष महतो, विनय महतो धीरज, कृष्ण कुमार चटर्जी आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, तमाड़ व आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी त्योहार हर्ष के साथ मनाया गया। तमाड़ के मोदीडीह बजरंगबली मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना की गयी और शाम को जुलूस निकाला गया। हालांकि बारिश ने खलल डालने की कोशिश किया, लेकिन भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। इसके अलावे खंडित टोली बजरंगबली मंदिर में भी लोगों ने पूजा अर्चना किया। यहां से भी जुलूस निकाला गया। ट्रैक्टर से शरबत व प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, रडगांव में भी रामनवमी जुलूस महंत सीताराम की अगुवाई में निकाला गया। जिसमें शामिल हजारों लोगों ने लाठी-डांटे का करतब दिखाया। हुरुंणडी, दुआर्सिनी, दाड़ीदा, रंगामाटी और रडगांव के लोग अखाड़ा में मौजूद थे। बारिश के चलते जुलूस एक घंटा विलंब से निकला। काली मंदिर से जुलूस निकल कर उलीडीह मंदिर पहुंचा जिसमें तमाड़ के सीओ, रडगांव के मुखिया दुर्गा उरांव और रडगांव मुस्लिम कमेटी के सदर शहजाद आलम, जिप सदस्य भवानी मुंडा, विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी दुबराज महतो आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, बुंडू प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूरे क्षेत्र में जय श्री राम व बजरंगबली की जय के नारे गूंजते रहे। विभिन्न लाठी संघ की ओर से शोभायात्रा निकाली गई जिसमें गाजे-बाजे के साथ सुंदर राम दरबार की झांकी निकाली गई। भक्तजन देर रात तक झूमते रहे। प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा। बुंडू के काली मंदिर चौक में विधायक विकास कुमार मुंडा विभिन्न लाठी संघ को तलवार एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## पिपरवार में गाजे-बाजे के साथ निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया गया। सभी मंदिरों में भक्तो ने पूजा की। लोगों ने अपने-अपने घरों में ध्वजारोहण किया। पिपरवार के बचरा बाजारटांड़ स्थित श्री राम-जानकी मन्दिर, बीओसी हनुमान मन्दिर, किचटो, बिलारी, बेतीं,बिजैन सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा की। वहीं



दोपहर में गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। बचरा बाजारटांड़ से निकाला गया जुलूस बिशुझापा, माईन्र्स कालोनी, 172 कालोनी, 122 कालोनी, 64 कालोनी, बचरा चार नंबर चौक, बंसत विहार सहित आवासीय कालोनी का भ्रमण किया। बचरा में बैंड बाजे के साथ निकाले गये जुलूस का कई जगहों पर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनो द्वारा चना, गुड़, शरबत से राम भक्तो का स्वागत किया गया। इसके अलावे बेंती, बिलारी, राय, कल्याणपुर आदि इलाको में भी उत्साह के साथ रामनवमी का जुलूस निकाला गया। दूसरी ओर, पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।

## मैकलुस्कीगंज में रामनवमी पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन



अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में उपस्थित लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज के लपरा शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी के अवसर लगने वाले मेले में भारी भीड़ उमड़ी थी। आस पास के सैकड़ों लोगों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारो के साथ अपने-अपने अखाड़ो से झंडे को लेकर शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां उनका स्वागत लपरा पूजा समिति की ओर से किया गया। अखाड़े में लोगों ने जमकर लाठी, तलवार एवं अन्य खेलों का प्रदर्शन किया। मेला समिति द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ पांडेय के अलावा विशिष्ट अतिथि लपरा मुखिया पुतुल देवी, एएसआई मिर्जा सोरेन, भोला साव, राम बिलास गोप ने अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के प्रतिभागियो एवं सबसे ऊंचा झंडा के लिए प्रथम चिना टांड द्वितीय पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ झांकी देवी मंडप लपरा, तृतीय पुरस्कार लंबा ध्वज गरतुआटोला को दिया गया। कार्यक्रम में गरतुआटोला, चिना टांड, बसरिया विकास नगर, चट्टीनदी नदी, ऊपर टोला देवी मंडप लपरा, राजीव नगर, कोनका सहित अन्य जगहों से अखाड़ा धारियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रामबिलास गोप और मुकेश गिरि ने किया। वहीं, मेला को सुचारू रूप से संचालित करने में जितेंद्र नाथ पांडेय, मनोज गिरि, रूपेश चौरसिया, अमित सिंह, आशीष सिन्हा, विजय गुप्ता, रमेश गुप्ता, आशीष रंजन प्रदीप यादव, गौरव पांडेय, अविनाश पांडेय, सुजीत गुप्ता, सुबोध रजक, सुनील गिरी, मुकेश गिरि सहित अन्य लोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति मेला महोत्सव का आयोजन

# देश की आजादी में निंद्रा के नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी का रहा अहम योगदान : डॉ देवशरण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज से सटे निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा नेत्री नीलम देवी एवं जर्मनी से आये अमित कुमार आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंका टाना भगत और संचालन सुशील तिवारी ने किया। सर्वप्रथम सुबह टाना भगत समुदाय द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गई। जिसके बाद टाना भगत स्मारक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। वहीं मुख्य अतिथि देवशरण भगत व प्रकाश राम सहित अन्य टाना भगतो ने स्मारक स्थल का



परिक्रमा किया। उसके बाद सभी अतिथियों ने सभी नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया गया। उसके बाद कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का बुके एव माला पहनाकर स्वागत किया। मुखदेव गोप ने विषय प्रस्तुत कर टाना भगतो के आन्दोलन कि जानकारी दी। वहीं, डॉ देवशरण भगत ने कहा कि देश की आजादी में निन्द्रा के नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी का अहम योगदान रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। प्रकाश राम ने कहा कि टाना भगत ने स्वतंत्रता संग्राम में इनकी भूमिका अहम रहा है ये हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं । स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो के परिवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पवन पाण्डेय, शिव शंकर टाना भगत, मुखिया सुनीता टोप्पो, एतवा टाना भगत, हीरा टाना भगत, सुरेश टाना भगत, रंथि टाना भगत, बुधनी टाना भगत, राजो टाना भगत, अनिता टाना भगत, सुखदेव टाना भगत, बिगले टाना भगत, रंका टाना भगत, राम टाना भगत, चरित्र टाना भगत, लक्षु टाना भगत, भरत टाना भगत, भुनेश्वर प्रजापति, बिरसा टाना भगत, जयमंगल टाना भगत, चंद्रमा टाना भगत, भोला टाना भगत, रामभजन सिंह, ईश्वर टाना भगत, गंदोरी टाना भगत, रामविलास गोप, चारोराज टाना भगत, रमेश टाना भगत सहित काफी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## अड़की में रामभक्तों ने निकाला बाइक जुलूस



**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व पर सैकड़ों रामभक्तों ने बाइक पर सवार होकर भव्य शोभायात्रा निकाली। सुबह तमाड़ खूंटी पथ पर स्थित सिंदरी गांव के महावीर बजरंगबली मंदिर से मां-बहने कलश लिए व राम भक्त हाथों में भगवान श्रीराम का पताका लिए जय श्री राम का नारा लगाते चल रहे थे। जुलूस सिंदरी से पिस्काहातु होते हुए पुनः मंदिर आकर पूजा अनुष्ठान के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया । इसके बाद रामनवमी की जुलूस में शामिल सैकड़ों बाइक सवार हाथों में भगवान श्रीराम और बजरंगबली का पताका लिए सिंदरी से रवाना हुए। इस शोभायात्रा में भगवान बजरंग बली समिति सिंदरी एवं अड़की थाना के पुलिस बल की मुस्तैदी से बाइक जुलूस जारंगा, अड़की, सेरेंगहातु, पिस्काहातू, नौढ़ी, पुरणानगर, काडरुडीह से होते हुए पुनः सिंदरी पहुंचकर समापन हुआ। भगवान महावीर बजरंगबली के शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण एवं थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने स्वागत करते हुए चना गुड़ एवं सरवत देकर आगे की ओर रवाना किया ।

**रामनवमी : अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ाधारियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा**

# जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारे से गूंजा इलाका

**रामनवमी जुलूस में कई गांवों के अखाड़ाधारियों ने लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** महाबीर मंडल समिति गोंदलीपोखर के तत्वावधान में गुरुवार को गोंदलीपोखर में रामनवमी झंडा मिलन सह अस्त्र-शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप थे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझु नायक, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, पूर्व जिपस रंथा महली, नीलकंठ चौधरी, विरेन्द्र सिंह भोगता, सरिता तिर्की, दुर्गा पहान, कामेश्वर महतो, श्रीनारायण सिंह, शिवशंकर केसरी, अजय कुमार महतो, रामकृष्ण चौधरी आदि उपस्थित हुए। इस समारोह में चिलदाग, हेसल, लुपूंग, साल्हन, सिमलिया, बेड़वारी, लुपूंगजारा, मासू, तुरूप, सिरका, पेरतोल, झटनीं टुंगरी सहित अन्य कई गांवों के अखाड़ाधारियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले विभिन्न अखाड़ाधारी भव्य शोभायात्रा व झांकी के साथ गोदंलीपोखर चौक पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम व जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अखाड़ाधारियों ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। बाद में झांकी एवं अस्त्र-शस्त्र चालन में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले अखाड़ों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ज्योतिष महतो ने तथा संचालन राजेन्द्र मुण्डा व मनोज चौधरी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाबीर मंडल समिति के ज्योतिष महतो, विरेन्द्र सिंह भोगता, रामकृष्ण चौधरी, हरेकृष्ण चौधरी, नीलकंठ चौधरी, डॉ रिझू नायक, राजेन्द्र मुण्डा, रामसाय मुण्डा, रंजीत उर्फ सोनू केसरी, विक्की गुप्ता, विक्की सोनी, श्रवण चौधरी, आनंद केसरी, रामपोदो महतो, अजय महतो, रोशनलाल मुण्डा, काशीनाथ साहू, ललीत चौधरी, दीपक सोनी, नरेश साहू, राजेन्द्र साहू, जलेश्वर महतो, अरूण महतो, राजेन्द्र महतो, संजय केसरी, सुनील महतो, संजय केसरी, कारीनाथ महतो, सचिन केसरी, राजेश केसरी, अगमलाल महतो, देवब्रत चौधरी, रामसाय मुण्डा, सुप्रेस महतो आदि का योगदान रहा।





## अनगड़ा प्रखंड मैदान में झंडा मिलन सह अस्त्र-शस्त्र चालन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** महाबीर मंडल समिति अनगड़ा की ओर से प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में गुरुवार को रामनवमी झंडा मिलन सह अस्त्र-शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जानुम, हाहे, राजाडेरा, मसरीजारा, अनगड़ा, नयाटोली सिरका, मेढेटुंगरी, बेनियाजारा, चंद्राटोली, बैजनाटाटा, बोंगईबेड़ा समेत करीब 17 गांव के अखाड़ाधारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार व विशिष्ठ अतिथि सीओ पुष्पक रजक, पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, समाजसेवी संजीव सिंह मुन्ना, पूर्व मुखिया मधुसूदन मुण्डा, मुखिया सीमा देवी, पंसस संज्योति देवी, अघनु महतो, ग्रामप्रधान लोकनाथ पाहन, मनोज भट्टाचार्य, जगेश्वर महतो, धनीराम महतो आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व विभिन्न गांवों से निकली भव्य शोभायात्रा व झांकी प्रखंड मैदान पहुंची। जहां अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। कई अखाड़ों में शामिल बच्चे-बच्चियों ने भी अपने करतब दिखाए। बाद में अस्त्र-शस्त्र एवं झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को तलवार, मेडल एवं नकद से पुरस्कृत किया गया। झांकी में हाहे और नयाटोली सिरका अखाड़े को पुरस्कार दिया गया। संचालन मनोज कुमार भट्टाचार्य ने किया। आयोजन को सफल बनाने में महाबीर मंडल समिति अनगड़ा के मनोज भट्टाचार्य, मधुसूदन मुण्डा, लोकनाथ पाहन, अघनु महतो, जगेश्वर महतो, संजीव सिंह, राजेश कुमार, दिनेश्वर महतो, विजय महतो, अरविंद कुमार, रामानंद सिंह, तिवारी भोगता, राजेश यादव, सूरज कुमार, सोनू, शुभम, विकास, प्रकाश, धनीराम महतो, माही, मुन्ना मुण्डा, महाबीर मुण्डा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## रातू के महावीरी जुलूस में उमड़ा आस्था का सैलाब



**रातू के महादेव टंगरा, झखराटांड़ एवं छापरगड़हा में लगा मेला**

**कई स्थानों में निकली झांकी, राजकिले में हुआ झंडा मिलन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में गदेधारी पवनसुत हनुमान की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। महावीरी जुलूस में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा, उषामातु के छापरगड़हा व झखराटांड़ में आयोजित मेले में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में सांसद व विधायक समेत कई राजनीतिक दल के नेता भी शामिल हुए और लोगों का हौसला बढ़ाया। ऐतिहासिक राजकिले में पारंपरिक झंडा मिलन के बाद अखाड़ेधारी सम्मानित किये गये। कई स्थानों में मनमोहक झांकी भी निकाली गयी। जुलूस में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक एकता व भाइचारे की मिशाल कायम की। सीएचसी की ओर से चलंत चिकित्सा की व्यवस्था थी। विभिन्न पूजा समिति ने अखाड़ेधारी व मेलार्थियों के बीच पेयजल, गुड व चने का वितरण किया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थानेदार सपन कुमार महता ने संभाली।

**हुरहुरी में पारंपरिक एकता की मिसाल :** हुरहुरी से निकाली गई रामनवमी जुलूस में दोनों समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया व पारम्पारिक एकता की मिसाल कायम की। दोनों समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर त्योहार की बधाई दी व जुलूस में शामिल रामभक्तों के बीच पानी व चना का वितरण भी किया। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में राजकुमार सिंह, रजब अली, खलील अंसारी, मकसूदन तिग्गा, मियांजान अंसारी, इमरान खान, कमल खलखो, मोहन साहू, सिद्दीक अंसारी, गनेश महतो, वैभव नाथ शाहदेव, राजेश सिंह, अर्जुन साहू, मोबारक खान, महेश महतो, आदि लोगो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मांडर-चान्हो में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ रामनवमी का त्योहार



**मांडर/चान्हो (आजाद सिपाही)।** मांडर एवं चान्हों में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चान्हो के सोंस में रामवमी पर लगने वाले मेले का उद्घाटन चिकित्सक तथा नागपुरी कलाकार डॉ युगल किशोर मिश्र, पूर्व जिप सदस्य बबिता सिंह, समाजसेवी अजित सिंह, थाना प्रभारी रंजय कुमार, समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व उपप्रमुख चन्दन गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संचालन सतीश कुमार शाह ने किया। मेले में कुल 35 गांव का जुलूस झंडा तथा 30 अखाड़ों के खिलाड़ी सामिल हुए। मेले में 30 अखाड़ाधारियों ने अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से अखाड़ों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग दल के अध्यक्ष अविनाश कुमार, भाजपा नेता दीपक साहू, सतीश कुमार साह, आदित्य साहू, डॉक्टर युगल किशोर मिश्र, अजीत सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी।

## लापुंग क्षेत्र में रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में रामनवमी का त्योहार शांति पूर्वक संपन्न हुआ। फतेहपुर में दाड़ी, रामाटोली व मुरुप का रामनवमी का झंडा फतेहपुर में शामिल होने के बाद जुलूस गोविंदपुर से जरियागढ़ तक गया। वहां लाठी-डंडे के साथ तलवार व भाला का प्रदर्शन किया गया। गोविंदपुर में बाहर के खिलाड़ी व बाजा का प्रदर्शन किया गया व अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। शाम में बारिस के कारण खेल में बाधा पहुंची। तोरपा विधायक कोचे मुंडा शाम छह बजे गोविंदपुर अखाड़ा में पहुंचे व उनका जय श्री राम का पट्टा व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। मुरुप, रामा टोली, दाढ़ी और फतेहपुर के अखाड़ा अधिकारियों को दुपट्टा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। सुरक्षा मे लापुंग थाना प्रभारी सकुमार हेमरम व एसआई अभिनव सिन्हा सदल बल मौजूद थे।

## बुढ़मू में ऐतिहासिक भव्य रामनवमी मेले का आयोजन

**रामनवमी मेला में 84 मौजा के 108 अखाड़ेधारी हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बुढ़मू।** प्रखंड अंतर्गत उमेडण्डा में लगने वाले ऐतिहासिक भव्य रामनवमी मेले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 84 मौजा के 108 अखाड़ेधारी शामिल हुए। मेला परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान था। रांची, हजारीबाग, चतरा, रामगढ जिले से आये हजारों रामभक्तों की भीड़ से मेला परिसर भरा हुआ था। जिसकी सुरक्षा का कमान एसडीपीओ खलारी अनिमेष नैथानी, इंस्पेक्टर बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय व बुढ़मू अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी के साथ-साथ मेला समिति के युवा कार्यकर्ताओं के हाथों में थी। जिनके बलबूते पूरी भीड़ को नियंत्रित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। बताते चलें कि यहां वर्षों से भव्य मेले का आयोजन होता आया है। प्रखंड का मुख्य केंद्र बिंदु उमेडण्डा व बुढ़मू रहा है। जहां लाखों की संख्या में रामभक्तों की उपस्थिति होती है। कई अखाड़ेधारी अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं। जिन्हें मेला समिति द्वारा मेडल, शील्ड व तलवार देकर सम्मानित किया जाता है। इस दौरान प्रशासन द्वारा अचूक सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। मेले के दौरान उत्पातियों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रहती है।

**डॉक्टर सहित अन्य व्यवस्था से लैस था मेला परिसर :** दूर दूर से आनेवाले रामभक्तों सहित जुलूस के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद था। साथ ही डॉक्टरों की पूरी टीम मेला परिसर में मौजूद थी। जगह जगह पेयजल की भी व्यवस्था की गयी थी और गुड़-चना आदि का स्टॉल भी लगाकर दूरदराज से आये रामभक्तों की सेवा में कई सामाजिक कार्यकर्ता लगे हुए थे। मेला में दूरदराज से आये अखाड़ेधारियों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये। मौके पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय सहित अन्य को तलवार, शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## कांके क्षेत्र में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा



**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री श्री महावीर मंडल कांके के तत्वावधान में भव्य रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में राम भक्त पूरे उत्साह के साथ अपने अस्त्र-शस्त्र और महावीर झंडे के साथ शामिल हुए। ताशा और ढोल की धुन पर जय श्री राम का उद्घोष करते नाचते थिरकते भगवान श्री राम के जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा भीठा, चौड़ी बस्ती, प्रेम नगर, जोड़ा पुल मुख्य अखाड़ा, पुराना कांके थाना, चूड़ी टोला, सेमर टोली, सीआईपी, पतरा टोली, सुंदरनगर, बीएयू केंपस, बीएयू गेट, रिनपास वार्डर लाइन, कांके चौक से महावरी झंडे के साथ राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली जो कांके चौक स्थित महावीर मंदिर पर आकर मिली। इसके बाद कांके बाजार टांड़ होते हुए जोड़ा पुल पोटपोटो नदी समीप मुख्य अखाड़ा में शामिल हुए। यहां पर शोभा यात्रा का समापन हुआ। यहां पर राम भक्तों व महावीर मंडलियों के बीच अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें सभी मंडलियों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया गया। शोभायात्रा में श्री श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर, गिरजा शंकर पांडेय, राजकुमार महतो, अतीश सिंह, रितेश तिवारी, मुकेश यादव, अरविंद राय, शशि यादव सहित मंडल के सभी पदाधिकारी सहित राम भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए श्री महावीर मंदिर कांके चौक, रामनवमी पूजा समिति रिनपास केंपस बाजार टांड़ में सत्येन्द्र सिंह बबलू, राजेश लाल, अनिल गुप्ता, बसंत राम सहित सदस्यों द्वारा और मुख्य अखाड़ा आईआईसीएम रोड व यूनिक ट्रेडिंग बाजार टाड़ में मो. मेराज और नसीम अख्तर के सौजन्य से स्वागत शिविर लगाकर चना, शरबत और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वहीं रिनपास बाजार कैंपस में राम भक्तों द्वारा रामनवमी के मौके पर चबूतरे में पंडित सूरज द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच रामनवमी की विधिवत पूजा अर्चना भी की गई।

## रामनवमी पर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ नगड़ी क्षेत्र



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा नगड़ी क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गुंजायमान रहा। नगड़ी मेन रोड से रामनवमी शोभायात्रा आरंभ हुई जो महतो टोली, केशरी मुहल्ला, कुंडला टोली, हरिजन मुहल्ला होते हुए नारो बाजार पहुंची, जहां पर झंडा मिलन हुआ और अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन कर समापन हुआ। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हाइड्रा डीजे था। साथ ही रामनवमी शोभायात्रा में महिलाओं का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव और भाजपा नेत्री सीमा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुईं। अंजुमन इस्लामिया नवजवान कमेटी नगड़ी देवरी,21 पड़हा प्रेमनगर देवरी नगड़ी नारो के द्वारा शिविर लगाकर सरबत, चना, कोल्ड ड्रिंक और पानी का वितरण किया। शोभायात्रा का नेतृत्व शंकर चौधरी, बलकरण महतो, मनीष केशरी, तपेश्वर केशरी, शशिभूषण भगत, चूड़ामणि महतो, शीला देवी, दौलतराम केशरी, शम्भू महतो, दीपक केशरी, जीवन केशरी, गौरव राज, रिकी भगत, जय गोपाल उरांव, गणेश पाहन सहित समिति के लोगों की सराहनीय भागेदारी रही। शोभायात्रा में मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ संतोष कुमार शुक्ला, बीडीओ नूतन कुमारी और नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो सदल बल चौकस निगरानी करते देखे गए। प्रशासन की ओर से ड्रोन कैमरा के द्वारा वीडियोग्राफी भी करायी जा रही थी।

**रामनवमी : ओरमांझी में भगवान इंद्र भी नहीं रोक पाये राम भक्तों को**

# मेलाटांड़ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**रामनवमी मेला में इस बार भाईचारगी का भी अद्भुत मिसाल देखने को मिला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा बाजार टांड़ में राम नवमी मेला का आयोजन किया गया। मेला का विधिवत उद्घाटन पूजा समिति के संरक्षक नंद गोपाल साहू के द्वारा फीता काटकर किया गया। दोपहर के बाद बदलते मौसम के मिजाज को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कहीं राम भक्तों की मेले की तैयारी में खलल न पड़ जाए। भगवान इन्द्र ने राम भक्तों की भक्ति के आगे विवश होकर हल्की फुल्की बारिश कर राम भक्तों को तपती गर्मी से राहत देने का काम किया। बारिश थमते ही मेला टांड़ ओरमांझी में राम भक्तों की टोली गाजे-बाजे और एक से बढ़कर एक झांकी के साथ सैलाब की तरह उमड़ पड़ी। हल्की फुल्की बारिश ने इस बार मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को मेला टांड़ में उड़ने वाली धूल से राहत दिला दी।

मेला में इस बार भाईचारगी का भी अद्भूत मिशाल देखने को मिला। अंजुम कमेटी चकला के द्वारा सेवा शिविर लगाकर राम भक्तों का स्वागत किया जा रहा था। मेले के सफल आयोजन में पूजा समिति के संरक्षक नंद गोपाल साहू, अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, सचिव श्याम किशोर महतो, उमाशंकर साहू, अजय सिंह, राम कुमार महतो, गोविंद लाल गुप्ता, नरेश महतो, निर्मल महतो, सतीश बड़ाइक, राजेश गुप्ता, कुलदीप तिवारी, शशि मेहता, आनंद महतो, मनोज गुप्ता, पवन साहू, अमर कुमार साहू, नीरज नायक, शशि वर्मन, प्रशांत कुमार साहू, मुकेश पाण्डेय, भोली नायक, रामदेव साहू, संतोष गुप्ता, रूपेश साहू, शिव कुमार महतो, शंकर महतो, संतोष कुमार गुप्ता, दिलीप मेहता सहित ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। आतिथ्य में शामिल होने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेमनाथ मुण्डा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सीओ विजय केरकेट्टा, बीडीओ विजय कुमार सोनी, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, मुंतजिर अहमद रजा,ओम प्रकाश राव, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंसस ललिता देवी, रमेश उरांव, अशोक गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम' के नारे से गूंजा बेड़ो

**बेड़ो में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा**

**तुको एवं डूमरदोन में लगा रामनवमी मेला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**बेड़ो।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी को लेकर प्रखंड तुको, डूमरदोन सहित प्रखंड मुख्यालय में आस्था, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी-न्यारी, लहर लहर लहराए रे झंडा बंजरग बली का, जैसे भजनों पर झूमते-थिरकते और अस्त्र-शस्त्र संचालन के करतब दिखाते अखाड़ों के प्रतिभागियों ने श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में अद्भुत समां बांधा। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों के द्वारा जय श्रीराम और जय बजरंग बली के नारों से वातावरण राममय था। वहीं श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो के द्वारा रामनवमी पूजा के अवसर पर गुरुवार को श्री रामनवमी शोभायात्रा में गांव से आये लाइसेंसी अखाड़ेधारियों के साथ श्रद्धालुओं ने रामनवमी झंडे, झांकी व अस्त्र-शस्त्र के बीच जय श्री राम के जयघोषों के साथ भव्य शोभायात्रा मुख्यालय के महावीर चौक, देवी मंडप चौक, बजरंग बली स्थान से झंडा मिलान करते हुए थानावली हनुमान मंदिर होते हुए महादानी मैदान पहुंचे। जहां मैदान में मेला लगाकर अखाड़ेधारियों ने अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन कर लोगों को अचंभित कर दिया। वहीं अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। जहां झांकी में प्रथम शिव शक्ति क्लब फदिलमर्चा, द्वितीय श्री राम क्लब टेंगरिया तृतीय श्री राम सेना डहु टोली पाकलमेड़ी की टीम पुरस्कार पाया। बाजा में प्रथम रुद्र अवतार क्लब मकुंदा मोरो, द्वितीय बजरंग दल करांजी, तृतीय पवनपुत्र क्लब चचगुरा जबकि अस्त्र में शस्त्र में प्रथम गीतांजलि क्लब गुटवा करम टोली रांची, द्वितीय सुख शांति क्लब मासु, तृतीय बजरंग दल हरीहर पुर जाम टोली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मंच का संचालन विजय सहाय, नवदीप महतो, अंकित सोनी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मांडर की भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, राकेश कुमार भगत, एस आई प्रवीण कुमार तिवारी, मुखिया सुशांति भगत, धनंजय कुमार रॉय, भीखा उरांव, अनिल उरांव, भवानी शरण सिंह, वाणी कुमार रॉय मौजूद थे। इधर राम भक्तों के लिए स्थानीय समाज सेवियों द्वारा जगह जगह शिविर लगाकर चना, गुड़ व पानी पिलाकर राम भक्तों की सेवा की गयी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी गयी थी। वहीं श्रीरामनवमी के अवसर पर लोगों ने विधि-विधान पूर्वक पूजा-अनुष्ठान कर घरों, देवालयों और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लगाया। शोभायात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारी चौकस रहे। साथ ही तुको व डूमरदोन गांव में भी रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष जगरनाथ भगत, महावीर गोप, दशरथ गोप, विश्वनाथ गोप, मुन्ना बड़ाईक, मुकेश कुमार रॉय, शिवेंद्र सौरभ, बबलू गुप्ता, जितेंद्र पाठक, नंदलाल महतो, साधन पाप रॉय, सुदामा गोप, शशि गोप, वासुदेव महतो, राजेन्द्र रौनियार व समिति की सदस्यों ने अहम योगदान दिया।

## हुसैनाबाद के दंगवार में कड़ी सुरक्षा में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार में गाजे बाजे के साथ गुरुवार को धूमधाम से रामनवमी का भव्य जूलूस निकाला गया। जूलूस दंगवार देवी स्थान से शुरू होकर दंगवार बाजार क्षेत्र भ्रमण करते हुए अंबागढ़ शिव मंदिर होकर दंगवार ओ पी होते हुए नदियाइन पहुंचा। इस दौरान बाहर से आए भोजपुरी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत प्रस्तुत कर मधुर आवाज से लोगों को आकर्षित किया। जूलूस के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, सहित कई धार्मिक नारे से पूरा दंगवार क्षेत्र गूंज उठा। वहीं जूलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान एवं दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा अपने जवानों के साथ तैनात रहे। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुस्तैद रहे। मुखिया अमरेंद्र ठाकुर एवम पूर्व मुखिया रामलखन यादव ने सभी को रामनवमी पर्व की बधाई दी। कमेटी के सदस्यों ने सभी को अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया। रामभक्तों ने अद्भूत तलवार एवं डंडा का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर दंगवार के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, पूर्व मुखिया रामलखन यादव, दंगवार ओ पी प्रभारी चन्दन शर्मा,अयोध्या सिंह, बिगन प्रजापति, श्यामदयाल मेहता, समाजसेवी अरुण चंद्रवंशी, रामप्रवेश यादव जीपीएस वशिष्ठ तिवारी, दंगवार में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह जे ई पंकज यादव, उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, योगेंद्र सिंह, संतोष राम, नितेश कुमार, अरविंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी के अवसर पर जगह-जगह भव्य कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया त्योहार

# श्रीराम का जन्म ही कमजोर तबके को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए हुआ था: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामनवमी की पूर्वसंध्या पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की ओर से छह हमुहान चौक पर सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के तमाम समाजसेवियों को फूलमाला, अंगवस्त्र, तलवार व पगड़ीपोशी कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद हाऊसिंग कॉलोनी नवयुवक दल के अध्यक्ष पंकज ने पगड़ीपोशी की रश्म अदायगी की। यह कार्यक्रम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संदेश को जन-जन तक प्रसारित करने व रामराज्य की स्थापना के लिए एवं जनांदोलन बनाने के लिए आयोजित किया गया। इस मौके पर युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता अविनाश देव ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम अपने पिता का वचन निभाने के लिए राजमहल छोड़ वन को गमन कर गए थे। उनकी जिंदगी इतनी आसान नहीं थी। वे जहां भी गए, शोषितों को शोषण मुक्त कर उसके राज-पाठ को लौटाए। हम कह सकते हैं कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्म ही कमजोर तबकों को शोषण से मुक्ति के लिए हुआ था। पर आज चारों ओर लूट, झूठ व भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इसलिए जरूरत है ईमानदारी से श्रीराम जी के विचारों को आत्मसात करने की। तभी समाज का भला हो सकता है। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, श्री महाबीर नवयुवक दल जेनरल युगल किशोर, वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, पंकज जी, रामलखन मेहता, युवा समाजसेवी व वरिष्ठ एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य सदस्य।

## राम भक्त को डराने वाले हो जायें सचेत : डॉ शशिभूषण मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी के रामभक्तों को गोला टोपी पहन, भेष बदल कर नकली हनुमान बनकर पूजा महासमिति को धमकाने वाले सचेत हो जायें। पांकी विधानसभा में रावण राज नहीं चलेगा। धमकियों से डरनेवाले नहीं। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे गुरुवार की दोपहर पांकी रामजानकी मंदिर परिसर मे आयोजित भक्ति जागरण के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। रावणराज्य को समाप्त करने के उद्देश्य से ही डॉ शशिभूषण को पांकी की जनता ने आशीर्वाद व सत्ता देकर सेवक चुना है। उन्होंने कहा कि तरहसी के मीडिल स्कूल चौक पर शहीद मंगल पांडेय की आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी जो इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री शामिल होंगे। पांकी की जनता के सुख दुख को जानने के लिए दो-दो पूर्व मुख्यमंत्री पांकी विधानसभा क्षेत्र मे भ्रमण करेंगे। महाशिवरात्रि के पर्व मे लगाये जाने वाले तोरणद्वार निर्माण को रोककर महाशिवरात्रि पूजा को अवरुद्ध करने की नाकाम कोशिश की गई। ऐसे सनातन विरोधी शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी की जनता का एक ही नारा है जो हिन्दू हित की बात करेगा, वहीं यहां पर राज करेगा। लवली गुप्ता ने कहा कि जिसके मन मे श्रीराम हों उनके पास ही वैकुण्ठ धाम हो। पिता के वचन को पूरा करने के लिए राम ने राजगद्दी त्याग वनगमन स्वीकार कर लिया। इसके बाद ही आसुरी शक्तियों का संहार कर भगवान और मयार्दा पुरुषोत्तम की उपाधि पाई। मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, अजय गुप्ता, प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित चौहान, रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद, उपाध्यक्ष पप्पू यादव, शंकर प्रसाद, मुरली प्रसाद, सपा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव,अरविन्द गुप्ता,सीओ निर्भय कुमार,थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

## जीवन को प्रकाशमान बनाने के लिए आध्यात्मिक अनुष्ठान का है विशेष महत्व : गोपाल पाठक



आजाद सिपाही संवाददाता

### महाबीर जी प्रबंधन समिति की ओर से यज्ञ आचार्यों को किया गया सम्मानित

**हुसैनाबाद।** श्री महावीर जी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से गुरुवार को महावीर जी भवन परिसर में रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ का समापन सह आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसका संचालन राकेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश अग्रवाल, दिनेश कश्यप, आलोक कुमार, लोकनाथ केशरी, कृष्णकांत दूबे, अरविंद ओझा, संजय कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह, अविनाश कश्यप, सचिन आनंद, कामाख्या नारायण सिंह, श्रवण कुमार अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से यज्ञ आचार्य सह मंदिर पुजारी गोपाल पाठक, पाठकर्ताओं हरिओम पाठक, संजय पाठक, चितरंजन पाठक, अमरेंद्र पाठक, प्रफुल पाठक, अमित मिश्रा, प्रेम पाठक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गोपाल पाठक ने कहा कि जीवन को प्रकाशमान के लिये आध्यात्मिक अनुष्ठान की विशेष महता है। व्याधियों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस ऐसा पूज्य ग्रन्थ है जिसमें जीवन जीने की सभी कला की जानकारी मिलती है। हर घरों में इस उत्प्रेरक व पवित्र ग्रंथ का पाठ होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस महाग्रंथ में दायित्वबोध की जानकारी मिलती है। अनुष्ठान से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक प्रकाश लाल अग्रवाल, मिंटू लाल अग्रवाल, श्रवन लाल, दिनेश प्रसाद कश्यप, सचिन आनंद, अजीत अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सचिव उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सहसचिव राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, मंजय चौधरी, अमित कश्यप, अजय गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, राजकुमार कश्यप, पंकज गुप्ता, अनिमेष अग्रवाल, राजीव रंजन सौंडिक, सूरज प्रसाद गुप्ता, कृष्ण मुरारीअग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अविनाश कुमार सिन्हा, दिलीप भगत, अंकित कुमार, दीनानाथ सोनी और पंकज गुप्ता आदि सक्रिय रहे।

## युवा, खेल, कला, संस्कृति और वन सभी पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर : कौशल

### पर्यावरणविद ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के पंचायत डाली बाजार के बैकुंठपुर धाम (नवाटोली) में रामनवमी त्योहार के अवसर पर नवयुवक कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन मुकाबला के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि युवा,खेल, कला और संस्कृति ये सभी वन और पर्यावरण के अंग ही नहीं बल्कि राष्ट्र के धरोहर भी है। इन सबकी हिफाजत की जिम्मेवारी समाज के सभी लोगों का परम कर्तव्य है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की जिक्र करते हुए कहा कि हाल की दिनों में हमारे देश की सभ्यता संस्कृति पर पाश्चात्य सभ्यता बेतहासा हावी होते जा रहा है। हमारी वैदिक संस्कृति के अनुरूप जब शादी विवाह या फिर कोई धर्मिक अनुष्ठान होता है तब वर-वधु को गांठ जोड़ने की परंपरा है न कि अलग करने की। उसी सभ्यता संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से वे केवल झारखंड ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी जब कभी किसी कार्यक्रम का शुभारंभ करते है तो फीता जोड़कर ही करते रहे हैं।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि किसी भी मुल्क के युवा वहां के विकास का बुनियाद होते हैं और ग्रामीण क्षेत्र में मेला और दुगोला मनोरंजन का प्रमुख साधन होता हैं। इससे कई तरह के असाध्य बीमारियां भी दूर हो जाती हैं। इसलिए मनुष्य को जीवन में भोजन और मनोरंजन दोनों जरूरी है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला में व्यास गुड्डू रंगीला ( बिहार) और अजीत हलचल (पलामू )के बीच गायन मुकाबला हुआ। श्रोताओं ने गीत संगीत का जमकर लुफ्त उठाया।

कार्यक्रम के आयोजक अरुण पासवान, नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष राजू रंजन विश्वकर्मा, सचिव प्रसाद सिंह, अध्यक्षता श्यामदेव पासवान व संचालन श्रवण जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी,मुखिया प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, रामजी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, धर्मदेव यादव, भूषण प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, लल्लू प्रसाद, विकास कुमार,विनोद यादव, श्याम बिहारी सिंह,अर्जुन शर्मा,संतोष प्रसाद, जगदीश राम, द्वारिक ठाकुर, कैलाश यादव, रामजन्म, यासीन अंसारी, बिंदा प्रसाद, शमीम अंसारीआदि उपस्थित थे।



पर्यावरण धर्मगुरु कौशल समेत कार्यक्रम में उपस्थित लोग ।






### सफलता : अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में शाकिब उल हसन के सबसे ज्यादा विकेट

# आयरलैंड को दूसरे टी-20 में 77 रन से हराकर बांग्लादेश ने टी-20 सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी

**चटगांव।** बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच तीन टी-20 मैच की सीरीज खेली जा रही है। पहले मुकाबला जीतने के बाद बांग्लादेश ने बुधवार को चटगांव में खेले गए दूसरे मुकाबले में भी आयरलैंड को हराया। टाइगर्स ने आयरलैंड को 77 रन से शिकस्त दी, साथ ही सीरीज भी जीती। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 125 रन ही बना सकी। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला चटगांव में कल यानी शुक्रवार को खेला जाएगा।

सीरीज जीतने के साथ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने भी नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। शाकिब इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाडी बन गए है। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीच छोड़ अब उनके कुल विकेट 136 हो गए है। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में उन्होंने 5 विकेट लिए।




### बारिश की वजह से 17 ओवर का हुआ मैच

मैच से पहले टॉस के 10 मिनट बाद ही चटगांव में बारिश होने लग गई। करीब 40 मिनट बाद बारिश रुकी और अंपायर ने 17 ओवर का मैच कराने का फैसला लिया। मैच करीब 100 मिनट बाद मैच स्टार्ट हुआ।

आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश टीम के सलामी बल्लेबाज लिटन दास और रॉनी तालुकदार ने टीम को शानदार शुरूआत दी। दोनों ने साथ टीम के लिए 9.2 ओवर में 13 चौको और 5 सिक्स की मदद से कुल 124 रन जोड़े। मैच में दोनों ने बांग्लादेश के लिए फास्टेस्ट टीम फिफ्टी और फास्टेस्ट टीम हंड्रेड भी स्कोर की। रॉनी के आउट होने के बाद कप्तान शाकिब अल हसन बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने 24 बॉल में 38 रन स्कोर किए ,वहीं, तौहीद ह्रिदौए ने 13 बॉल में 24 रन बनाए। बांग्लादेश ने 3 विकेट खो कर 202 रन का स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से बेन वाइट ने 2 और मार्क अडायर को 1 विकेट मिला।

### आयरलैंड ने 6 ओवर में ही गवांए 6 विकेट

आयरलैंड की शुरूआत खराब रही। ओपनिंग करने उतरे कप्तान पॉल स्टर्लिंग पहली की बॉल पर तस्कीन अहमद का शिकार बन गए। इसके बाद टीम के विकेट गिरते ही चले गए। रॉस अडायर 6, लोर्कन टकर 5, हैरी टेक्टर 22, गेराथ डेलनि 6 और जॉर्ज डॉकरेल 2 रन बना कर पवेलियन लौटे। 6 ओवर में 43 के स्कोर पर टीम के 6 विकेट गिर गए। इसके बाद कर्टिस कैम्फर ने पारी संभालने की कोशिश की। उन्होंने 30 गेंद में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। लेकिन वे भी तस्कीन अहमद की बॉल पर आउट हो गए। इसके बाद मार्क अडायर 6, फिओन हैंड 2 रन बना कर आउट हुए। ग्रैहम ह्यूम 20 और बेन वाइट 2 रन बना कर नाबाद रहे। सिमित 17 ओवर में आयरलैंड 9 विकेट खो कर 125 रन ही बना सकी।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

### महिलाओं व नपं कर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए नगर प्रतिनिधियों, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व नपं कर्मियों ने मशाल जुलूस निकालकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, उमा देवी, अर्जुन गुप्ता,सुनीता देवी, नगर प्रबंधक एन अंसारी, धीरज गुप्ता व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शहर का भ्रमण करते हुए को कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने व डस्टबिन में रखने के लिए आम लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कोरोना के बाद पहली बार दिखा श्रीराम जन्मोत्सव का ऐसा उल्लास, सड़कों पर देर रात तक अखाड़ों के खिलाड़ी दिखाते रहे हैरतअंगेज करतब

# धनबाद कोयलांचल में शांति-सौहार्द से मना रामनवमी का त्योहार

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** योग लगन ग्रहवार तिथि सकल भए अनुकूल, चर अरू अचर हर्ष युत राम जनम सुख मूल...रामजन्म का प्रसंग निरूपित करती श्रीरामचरित मानस की यह पंक्ति रामजन्मोत्सव के दौरान साकार होती दिखी। रामनवमी की पूर्व संध्या बुधवार से ही पूरा कोयलांचल शहर उत्सव के रंग में सराबोर हो गया। कोरोना महामारी के चलते तीन साल बाद बिना किसी बंदिश के मनाए जा रहे रामजन्मोत्सव के दौरान कोयलांचल वासियों का उल्लास देखते ही बन रहा था। मंदिरों से लेकर जिले में निकले अखाड़ों के दौरान गीत-संगीत में डूबे युवाओं की टोली, ढोल नगाड़ों की आवाज के बीच जय श्री सिया राम के गूंजते नारे रामनवमी का उत्साह बताने के लिए पर्याप्त थे। जिला मुख्यालय में पुलिस लाइन, हीरापुर हरि मंदिर, पुराना बाजार आदि दो दर्जन से अधिक अखाड़े एकत्रित हुए और पारंपरिक हथियारों के साथ अपनी कला का जौहर दिखाया। हीरापुर हटिया व्यवसायी की ओर से हीरापुर हरी मंदिर परिसर में करतब और झांकियों का प्रदर्शन किया गया। यहां मुख्य रूप से रूस-यूक्रेन हमले के बाद वहां फंसे भारतीय छात्रों को निकालने की झांकी प्रदर्शित की गई। इसके अलावे मां दुर्गा, भारत माता, बजरंग बली और भगवान शिव की झांकी प्रदर्शित की गई। वहीं पुराना बाजार में आसपास के दो दर्जन अखाड़ों के लोगों का रत्नेश्वर मंदिर के समीप जुटान हुआ। जहां हर अखाड़े ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक हथियारों के साथ हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। यहां किसी को कोई परेशानी न हो इसके लिए मारवाड़ी युवा मंच और पुराना बाजार नौजवान कमेटी के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद और सक्रिय दिखे। मंच बनाकर लोगों पर नजर रख रहे थे।

## कतरास में युवतियों ने हथियार लेकर निकाला शोभायात्रा



कतरास में हथियार लेकर जुलूस में शामिल हुई महावीर दल शिव मंदिर अखाड़ा समिति की युवतियां।





रामनवमी की झांकी में भगवान हनुमान के भेष में बच्चे, करतब दिखाती युवतियां।



बेरमो में रामनवमी पर करतब दिखाते आखाड़ा के खिलाड़ी।



रामनवमी के जुलूस में शामिल क्षेत्र के गणमान्य लोग।



रमनवमी की पूजा के लिए कतार में खड़े होकर अपनी पारी का इंतजार करते लोग।

## लोयाबाद में दिखा सौहादं का अनूठा नजारा, मुसलिम कमेटी ने राम भक्तों को पिलाया शरबत

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार गुरुवार को धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा नजारा भी देखने को मिला। मुस्लिम कमेटी इलाका लोयाबाद ने राम भक्तो के बीच शिविर लगाकर कौमी एकता व भाईचारे का संदेश देते हुए शर्बत का वितरण किया। संकटमोचन मंदिर समिति की ओर से मंदिर के सामने अखाड़ा जुलुस का स्वागत कर शर्बत वितरण किया गया। मोड़ पर जय हनुमान सेवा समिति की ओर से अखाड़ा दलों के स्वागत के लिए तोरण द्वार लगाया गया था। पूरा इलाका भगवा झंडे से पट गया था। हटिया मैदान मे क्षेत्र के सभी अखाड़ा दल पहुंचा। खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक नुमाइशी खेलों का प्रदर्शन किया और अपने-अपने कला के जौहर दिखाये। लोयाबाद मोड़ स्थित श्री संकट मोचन मंदिर मे सुबह से ही पूजा अर्चना के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिर को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान जयप्रकाश पांडेय, कृपाशंकर सिंह, नइम मिस्त्री, गुलाम जिलानी, अनवर मुखिया, शंकर केसरी, मनोज मुखिया, मनोज वर्णवाल, सुनिल पांडेय, बिनोद पासवान, संजू विश्वकर्मा, रंजीत सहानी, मन्नु सिंह, सुरेश यादव, लालू चौबे, चिकू सतनालिका,शैलेष वर्णवाल आदि थे।

### झरिया में खिलाड़ियों ने दिखाया करतब

झरिया में गुरुवार को पूरे दिन राम जन्मोत्सव की धूम रही। सुबह से ही लोग पूजा अर्चना में जुटे रहे। मंदिर से लेकर घरों तक हनुमान पताका लहराता रहा। वहीं जैसे-जैसे दिन ढलते गया राम जन्मोत्सव का उल्लास अपने चरम तक पहुंचते गया। शाम ढलते ही झरिया मेन रोड में अखाड़ों का जमावड़ा शुरू होने लगा। यहां देर रात तक अखाड़ों के खिलाड़ी अपने पारंपरिक हथियारों से हैरतअंगेज कारनामे दिखा लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर करते रहे। वहीं दूसरी ओर अखाड़ों में मौजूद राम भक्तों को कोई परेशानी न हो इसके लिए कतरास मोड़ से लेकर अखाड़ों के गुजरने वाले मार्गों व पूरे मेन रोड में दर्जनों संगठनों द्वारा पानी शर्बत के कई स्टाल लगाए गए थे। अखाड़ों के दलों द्वारा कई प्रकार की झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रहीं। वही झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन किया गया।

### कतरास में शांतिपूर्ण तरीके से निकला रामभक्तों का जुलूस

कतरास क्षेत्र में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूरे इलाके में विभिन्न अखाड़ों द्वारा आकषर्क झांकी के साथ राम भक्तों ने भव्य जुलूस निकाल पारंपरिक हथियारों के साथ खेल का प्रदर्शन दिखाया। बरोरा थाना क्षेत्र के पोचरी कालीपुर बस्ती मे साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल भी देखने को मिली। कालीपुर बस्ती से निकले राम भक्तो के जुलूस में शामिल भक्तों का बस्ती में अवस्थित मस्जिद के समीप झामुमो के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी के नेतृत्व में पगड़ी पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने राम भक्तों को लस्सी व पानी वितरण कर कौमी एकता व भाईचारे का संदेश दिया। हरिणा बाजार में संकटमोचन मंदिर के पास बरोरा पुलिस जनसहयोग समिति के सदस्यों ने अखाड़े का स्वागत कर शर्बत वितरण किया। कतरासगढ, कतरास थाना चौक, गुहीबांध, श्यामडीह मोड, कालीपुर, हरिणा बाजार, भीमकनाली, बाघमारा बाजार सहित कई अन्य जगहों पर राम भक्तो ने भव्य जुलूस निकाला।

### जय श्री राम के नारों से पूरा दिन गूंजता रहा चिरकुंडा, कुमारधुबी और मैथन क्षेत्र

चिरकुंडा, कुमारधुबी, मैथन, पंचेत आदि क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करते दिखे। चिरकुंडा क्षेत्र के रानी सती मंदिर, पंच मंदिर, कल्याण केंद्र पंच मंदिर, मैथन मोड, शीतला मंदिर, रक्षा काली मंदिर, मंगलमूर्ति धाम सहित कई मंदिरों में राम नवमी की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत रूप से की गई। वहीं चिरकुंडा से लेकर कुमारधुबी तक सड़क किनारे लगा श्री राम लिखा विशाल ध्वज पूरे क्षेत्र में भगवाम श्री राम के जन्मोत्सव के उल्लास का दर्शा रहा था। हजारों श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा व अखाड़ा निकाला गया।अखाड़ों में उस्तादों और रामभक्तों द्वारा पारंपरिक अस्त्र शस्त्र का जमकर प्रदर्शन किया गया। श्री राम भक्त हनुमान की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूरा इलाका जय श्रीराम के नारे से गूंजता रहा। शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए जगह जगह शरबत, पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। क्षेत्र के हर एक संवेदनशील स्थल पर पुलिस बल की विशेष निगरानी थी।

### कतरास में युवतियों ने किया शोभायात्रा का नेतृत्व

कतरास बाजार गांधी चौक स्थित महावीर दल शिव मंदिर अखाड़ा समिति की युवतियां शोभआयात्रा का नेतृत्व कर रही थीं। खुली जीप में सवार युवतियों के हाथों में महावीरी झंडे के साथ एक युवती राइफल, तो कुछ तलवार लिये नजर आयी।

## आरएसएस ने 14 अखाड़ा को उपहार देकर किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड में गुरुवार को धूमधाम से श्री राम नवमी उत्सव मनाया गया। वहीं जैनामोड़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से 14 अखाड़ा को उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बजरंगबली अखाड़ा टाड़मोहनपुर, जरीडीह पुर्नवास क्षेत्र अखाड़ा, बजरंगबली सेवा समिति पेटरवाररोड, बजरंग नवयुवक अखाड़ा, मांझीडीह, बजरंग अखाड़ा, आसमानथान बांधडीह, जय भारती क्लब नीचे टोला बांधडीह, रासमंच अखाड़ा, रजवारडीह अखाड़ा, भुचुनडीह अखाड़ा, दूध उत्पादन संघ अखाड़ा, हरी सेठ मंदिर अखाड़ा, पंचमुखी हनुमान मंदिर अखाड़ा तेतरियाडीह, बजरंग अखाड़ा मंडल टोला, बजरंग अखाड़ा तेतरियाडीह आदि शामिल है। निर्णायक मंडली में चित्रकूट धाम के संत स्वामी सीताराम शरण जी महाराज, पहलाद सिंह, आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह धीरेंद्र कुमार, जिला कार्यवाह भोला कुमार, समाजसेवी अशोक मिश्रा, व्यवस्था में अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, महेंद्र कुमार, सुनील सिंह, अरविंद ठाकुर, रवि शंकर सिंह, विक्की सरदार, विनोद कुमार, मुन्ना प्रसाद, सुरेश प्रसाद, उपेंद्र हेंब्रम, बालेश्वर मुर्मू, रमेश बेसरा, अमित सोरेन, दिनेश बरनवाल, वकील कुमार, दीपक सिंह, मनोज महतो, राकेश सिंह, विजय बरनवाल आदि थे।

## धूमधाम से निकला रामनवमी का जुलूस



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म दिवस पर चतरोचट्टी प्रशासन की सुरक्षा के बीच बडकीसीधावारा, छोटकीसीधावारा, तुस्को, तिसकोपी, तिसरी, चिलगो, चुट्टे, चिदरी, हुरलुंग आदि गांवों में रामनवमी का जुलूस निकाला गया। जिसे लेकर चौक-चौराहों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और शरबत वितरण किया गया। चतरोचट्टी क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। कई जगहों पर श्रद्धालुओं द्वारा झांकियों को जगह-जगह रुककर आरती उतारी गई। इस दौरान पूरे भव्यता एवं ढोल नगाड़ों के साथ भगवान राम एवं हनुमान के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर भक्तों द्वारा तलवार लाठी से तरह-तरह के करतब दिखाए गए। भगवा व पीले वस्त्र का साफा बांधे जुलूस में चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बनता था।

## पिछरी में कन्या पूजन कर की गयी सुख-शांति की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** बेरमो क्षेत्र में बासंतीय नवरात्र व चैती दुर्गा पूजा पूरे श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्रि में मां दुर्गा की विशेष उपासना और पूजा की गई। वहीं पेटवार प्रखंड के पिछरी पंचायत स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के नौवें दिन गुरुवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि पूर्वक की गईं। मां सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करती हैं। वहीं मां दुर्गा सिद्धिदात्री की पूजा करने बाद आचार्य द्वारा हवन किया गया। इसके बाद मां के नौ स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। नौ कन्याओं की पूजा की गई। जहां बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन सह समाजसेवी डॉ उषा सिंह ने नवरात्रि व रामनवमी महोत्सव के आयोजन में शामिल होकर मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर माथा टेका और क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रखने की कामना किया। डॉ उषा सिंह ने मुख्य पुजारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद आचार्य कुमुद भट्टाचार्य, पुजारी आचार्य सुखदेव पांडेय, पवन पाठक, यजमान मुकेश मिश्रा, भानु मिश्रा, पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश मिश्रा, सचिव व्यास मिश्रा, कोषाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा, तपन मिश्रा, चुन्नू मिश्रा, उपसचिव मनीष मिश्रा, शुभम मिश्रा, पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा, पूर्व सरपंच रतन कुमार मिश्रा, नकुल मिश्रा, बिरंची मिश्रा, उपमुखिया चीकू मिश्रा, दीपक मिश्रा, कौशल मिश्रा, धीरज मिश्रा, पंकज मिश्रा, सूरज मिश्रा, गिरधारी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, रितेश मिश्रा, बाटुल मिश्रा, लव मिश्रा, विनोद साव आदि उपस्थित रहे।



नौवे दिन कन्यापूजन करते लोग।

### दवाइयों में गड़बड़ी के बाद मिलान करने के लिए की गयी है छापामारी

# लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में विजिलेंस का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को विजलेंस के अधिकारारियों ने छापामारी की। दो सदस्यीय टीम ने अस्पताल के ओपीडी, मेडिसिन, अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की। विजलेंस के अधिकारी की एक तरफ जांच कर रहे थे, वहीं, दूसरी और जांच से अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अस्पताल परिसर में घूम रहे कुछ कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी में मुस्तैद हो गए। विजलेंस के अधिकारी सीधे डिप्टी सीएमओ के चेंबर में पहुंच गए। उन्होंने तीनों विभाग को रजिस्टर दिखाने को कहा। बारी-बारी से तीनों विभागीय काम काज की जांच की। हालांकि दोनों अधिकारी जांच के दौरान मीडिया से बोलने से बचते रहे। करीब दो घंटे तक दोनों अधिकारी अस्पताल में रुके। उन्होंने कोई रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किया। वहीं, डिप्टी सीएमओ के कार्यभार संभाल रहे डॉक्टर अनुज कुमार ने कहा कि टीम किसी गड़बड़ी की जांच करने पहुंची थी। कहा जा रहा है कि क्षेत्र संख्या छह में दवा में पाई गडबडी के मद्देनजर इस अस्पताल का भी दवा के आमद और वितरण को लेकर मिलान की जांच की गई है।



### बिना सीएमओ के संचालित हो रहा अस्पताल

विजलेंस के जांच के दौरान कुछ कर्मचारियों ने कहा कि यह अस्पताल बिना सीएमओ के संचालित हो रहा है। महीनों बीत गए। पर अबतक डिप्टी सीएमओ का पद खाली है। इस समय डाक्टर पुष्पा डिप्टी सीएमओ का काम देख रही है। गुरुवार को छुट्टी पर थी। कर्मचारियों ने कहा कि मैडम पुष्पा डिप्टी सीएमओ का पद संभालने को तैयार नहीं है। वो कई बार वीआरएस देने की बात भी कर चुकी है। बताया जाता है कि डाक्टर उदय सिन्हा के वीआरएस के बाद यह पद खाली है। अस्पताल तीन चिकित्सक जैसे तैसे इस पद को संभाल रहे है।

### एक नजर में रामनवमी के दौरान निकाली गयीं झाकियां





## धूमधाम से निकला रामनवमी जुलूस, लगे जय श्रीराम के नारे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म दिवस पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच नावाडीह प्रखंड के नावाडीह, सुरही, चिरुडीह, खरपीटो, सहरिया, गुंजरडीह आदि गांवों में रामनवमी जुलूस निकाला गया। साथ ही बाराडीह पंचायत के तिलैया टांड, बोदरो, बाराडीह गांव में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया गया। आचार्य श्री कृष्णा पांडेया द्वारा विधि व्यवस्था के साथ पूजन किया गया। जुलूस को लेकर चौक-चौराहों पर पुलिस बल को प्रशासन के द्वारा तैनात किया गया था। नावाडीह मुखिया संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने बताया कि सुरही में शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। इसमें सभी का सहयोग मिला है। प्रशासन ने भी जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखा। सुरही में भव्य झांकी निकाली गई जहां श्रद्धालुओं द्वारा झांकियों को जगह-जगह रुककर आरती उतारी गई। पूरे भव्यता एवं ढोल नगाड़ों के साथ भगवान राम एवं हनुमान के जयकारे लगाए गए। भक्तों ने तलवार-लाठी से तरह-तरह के करतब दिखाये। वहीं एसडीओ अनंत कुमार, एसडीपीओ सतीश चंद्र झा, इंस्पेक्टर नूतन मोदी, सीओ अशोक सिन्हा, बीडीओ संजय सांडिल्य, थाना प्रभारी मनीष कुमार आदि विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आर्थिक और संचार परिदृश्य पर प्रतिबिंब पर दो दिवसीय अंतरष्ट्रीय सम्मेलन

## सत्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सुनाबेड़ा परिसर में कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने किया



**ओड़िशा (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'भारत में विकास का इतिहासः स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में आर्थिक और संचार परिदृश्य पर प्रतिबिंब' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार से शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सुनाबेड़ा परिसर में कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने किया। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा, प्रसिद्ध पत्रकार और द न्यू इंडियन एक्सप्रेस समूह के कार्यकारी संपादक प्रभु चावला, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय राजीव गांधी जनजातीय अध्ययन केंद्र की अध्यक्ष, प्रोफेसर प्रकाश चंद्र पटनायक भी उपस्थित थे। सम्मेलन की संयोजक अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. मिनाती साहू, और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रमुख डॉ. सौरभ गुप्ता उपस्थित थे।

**पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डालाः** पद्म भूषण से सम्मानित प्रख्यात पत्रकार प्रभु चावला मुख्य वक्ता थे और उन्होंने समाज में पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अब तक की यात्रा सुगम नहीं रही है। भारतीय पत्रकारिता काफी संघर्ष के बाद इस स्तर पर पहुंची। उन्होंने मीडिया की स्थिति और तकनीकी नवाचारों के बारे में भी बात की। प्रो. प्रकाश चंद्र पटनायक, प्रोफेसर, राजीव गांधी चेयर फॉर ट्राइबल स्टडीज, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की और बहु-विषयक शिक्षण और अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक डॉ. सौरभ गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की प्रमुख और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की संयोजक डॉ. मिनाती साहू ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासनिक सलाहकार प्रोफेसर सुधेंदु मंडल, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के डीन प्रोफेसर एनसी पांडा और विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई भी उपस्थित थे। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हस्तियों, संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। उद्घाटन समारोह के बाद दो पूर्ण सत्र आयोजित किये गये, जिसमें देश और विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपने विचार रखे। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख। अफगानिस्तान के एक प्रमुख पत्रकार प्रशांत पांडा और अमेरिका में सेंट जोस स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता फैसल करीमी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. प्रदीप पांडा, आर्थिक क्षेत्र के प्रमुख, एसडीजी, योजना और समन्वय विभाग, ओड़िशा सरकार, प्रोफेसर तापस मिश्रा, प्रोफेसर और बैंकिंग और वित्त के प्रमुख, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय, यूके, प्रो केके मिश्रा, जनसंचार विभाग, चटगांव विश्वविद्यालय, बांग्लादेश की मोहम्मद शाहिदुल्लाह ने सम्मेलन में भाग लिया।

# मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने स्टेशन का निरीक्षण किया

**कर्मचारियों के साथ बातचीत की और सभी मामलों में संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। बरगढ़ रोड पर नवनिर्मित सहायक मंडल अभियंता कार्यालय भवन का भी उद्घाटन किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने 29/03/2023 को संबलपुर मंडल के संबलपुर-टिटलागढ़ खंड में बरगढ़ रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और स्टेशन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और सभी मामलों में संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बरगढ़ रोड पर नवनिर्मित सहायक मंडल अभियंता कार्यालय भवन का भी उद्घाटन किया और बरगढ़ रोड-संबलपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

# सीएम ने भुवनेश्वर में टेनिस सेंटर का उद्घाटन किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर में शुरू होने वाली क्ळ्त्र एशिया अंडर 14 और अंडर डेवलपमेंट चैंपियनशिप 2023 में कुछ ही दिन बचे हैं, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज कलिंग स्टेडियम स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में टेनिस सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने आगामी अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का लोगो और जर्सी भी लॉन्च की। टेनिस सेंटर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा प्रमाणित है और इसमें 1400 के लिए एक गैलरी बैठने के साथ एक सिंथेटिक सेंटर कोर्ट, व्यायामशाला, खिलाड़ियों के बदलते कमरे, सभागार और गणमान्य व्यक्तियों के लिए कमरे, मीडिया कक्ष, प्रसारण और प्रशासनिक उद्देश्य हैं। टेनिस सेंटर को 25 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। कलिंग स्टेडियम में 8 सिंथेटिक के साथ टेनिस परिसर अब अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और एशियाई टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मैचों की मेजबानी करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री पटनायक ने राज्य में टेनिस के विकास के लिए मिलकर काम करने के लिए ओड़िशा टेनिस संघ और खेल विभाग को बधाई दी। कहा कि यह छिपी हुई प्रतिभाओं को खोजने और संभावित पदक विजेताओं को तैयार करने में भी मदद करेगा। गौरतलब है कि ओड़िशा के टेनिस खिलाड़ी कबीर हंस, देबाशीष साहू, सोहिनी संजय महांति और आराध्या वर्मा ने टेनिस में अपनी पहचान बना रखा हैं और ओटीए और राज्य खेल विभाग राज्य के युवा टेनिस खिलाड़ियों के सतत उच्च प्रदर्शन के लिए एक रोड मैप बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पटनायक ने इस अवसर पर अर्चना मांझी (खो खो), स्वाधीन मांझी (एथलेटिक्स), देबाशीष साहू (टेनिस) और जयंती बेहेरा (पैरा एथलेटिक्स) को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनकी उपलब्धियों के लिए अभिनंदन किये। इसके अलावा, उद्घाटन से पहले, खेल मंत्री तुषारकांति बेहेरा ने 45 एथलीटों को विभिन्न राष्ट्रीय आयोजनों में उनकी उपलब्धियों के लिए नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस उद्घाटन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य सचिव पीके जेना, विकास आयुक्त अनु गर्ग, मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वी के पांडियन, खेल और युवा सेवा सचिव विनील कृष्णा, अध्यक्ष ओटीए असित त्रिपाठी, सचिव सत्यजीत महांति और ओटीए और खेल विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हैं।

# ओकाया इवी को अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए एआइएस 156 संशोधन 3 फेज 2 सर्टिफिकेशन मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के तेजी से विकसित होते इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्रांड आकाया इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को एआइएस 156 संशोधन 3 फेज 2 के तहत इसके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आइ चैट सर्टिफिकेशन मिला है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुरक्षा की सभी जरूरतों को कवर करता है, जिसमें बैटरी पैक और इसके कंपोनेंट्स की डिजाइनिंग, निर्माण, टेस्टिंग शामिल हैं। यह सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करता है कि ईवी सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन करता है। अक्र 156 फेज सर्टिफिकेशन के साथ ओकाया इवी नियमों का संपूर्ण अनुपालन करने वाला अब दोपहिया वाहन सेगमेन्ट में पहला इवी निर्माता बन गया है। ओकाया इवी बैटरी की सुरक्षा, विश्वसनीयता और परफोर्मेंस को समर्थन देता है, जिसमें शामिल हैंः ओवरचार्जिंग से सुरक्षित उच्च मानकों के वायर एवं चार्जर, थर्मल प्रोटेक्शन, ऑडियो विजुअल वार्निंग सिस्टम्स और स्मार्ट बीएमएस। कंपनी ने बजर के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा फीचर भी शामिल है, जो थर्मल रनअवे से कम से कम 5 मिनट पहले ही राइडर को एलर्ट कर देता है। इसके अलावा इसमें आइपी 67 रेटिंग भी है जो सुनिश्चित करती है कि वाहन के सभी महत्वपूर्ण कंपोनेन्ट्स धूल और पानी से सुरक्षित रहें। कंपनी के उच्च परफोर्मेंस देने वाले इवी दोपहिया वाहन एलएफपी (लिथियम आयरन फॉस्फेट) बैटरी से युक्त हैं, जो वाटरप्रूफ और डस्टप्रूफ है और एनएमसी बैटरी की तुलना में लम्बे लाइफस्पैन के साथ आती है। एलएफपी बैटरियां बेहद सुरक्षित है और भारतीय मौसम की उच्च तापमान वाली परिस्थितियों में भी बेहतरीन परफोर्मेन्स देती हैं। इनकी डिस्चार्ज और चार्ज की क्षमता में भी सुधार किया गया है। एलएफपी बैटरी स्थिर आउपुट देती है जो हर परिस्थिति में लम्बे समय तक अच्छा परफोर्मेंस देती है।




































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**